01 जुलाई - 07 जुलाई 2024
www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान जॉब्स

हिन्दुस्तान अखबार का रोजगार साप्ताहिक

हर सोमवार हिन्दुस्तान के साथ निःशुल्क

**खास मौके** अप्रेंटिस 1855 | असिस्टेंट प्रोफेसर 1339 | ट्रेनी इंजीनियर 435 | फार्मासिस्ट 397

## कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातक पास युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए



# सीजीएल के जरिए 17727 पदों पर बंपर भर्तियां

### पावर जॉब

कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) 2024 के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके जरिए केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और संस्थानों में 17,727 भर्तियां की जाएंगी। स्नातक उत्तीर्ण युवा 24 जुलाई 2024 तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए देखें... P03

### हॉट जॉब

बीपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 1339 पदों पर आवेदन मांगे 04

उत्तर-पूर्वी रेलवे में अप्रेंटिस के 1104 पदों पर रिक्तियां निकलीं 05

**स्मार्ट तैयारी | 07**
एसएससी-सीजीएल परीक्षा में आसान प्रश्नों को पहले हल करें

**स्मार्ट टिप्स | 08**
एचएएल में डिप्लोमा टेक्निशियन भर्ती के लिए मुख्य विषय पर फोकस करें

**शानदार मौका | 02**
यूपीएसएससी करेगा होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के 397 पदों पर नियुक्तियां

कन्टेंट पार्टनर
shine.com
www.shine.com

## अपनी नौकरी खुद चुनें

मैट्रिक/आईटीआई
2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11

इंटरमीडिएट/ 12वीं
2, 3, 5, 9

ग्रेजुएट
2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11

पोस्ट ग्रेजुएट
2, 4, 5, 6, 9

इंजीनियरिंग
2, 4, 5, 6, 9, 10, 11

एमबीए/ मेडिकल/ पीएचडी
2, 4, 6, 9

विविध
2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11

**जॉब्स गाइड : P12**

- असिस्टेंट प्रोफेसर के 1339 पदों पर रिक्तियां
- पांच सुरक्षा बलों में 1526 भर्तियां होंगी
- इंडियन कोस्ट गार्ड में 320 पदों पर मौके
- जू. अकाउंट्स क्लर्क के 300 पद रिक्त
- कॉरेस्पॉन्डेंस क्लर्क समेत 230 पद भरे जाएंगे
- अनुवादक समेत 214 पदों पर रिक्तियां
- मैनेजमेंट ट्रेनी के 164 पदों पर फॉर्म भरें
- बीएसएफ में 162 पदों पर नियुक्तियां

# होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के 397 पद रिक्त

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ लोक सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने होम्योपैथी निदेशालय, उत्तर प्रदेश में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के 397 पदों पर भर्ती के लिए युवाओं से आवेदन मांगे हैं। आवेदन के पात्र वे अभ्यर्थी ही होंगे, जो प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2023 (प्रीलिमिनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट-2023) में शामिल हुए हों। आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी यूपीएसएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है।

**होम्योपैथी निदेशालय, उत्तर प्रदेश**

**ध्यान दें**
**397 पद**

- आवेदन शुल्क : 25 रुपये। महिलाओं/ दिव्यांग अभ्यर्थियों और खिलाड़ियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 19 जुलाई 2024
- आवेदन-पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 26 जुलाई 2024
- आधिकारिक वेबसाइट : https://upsssc.gov.in

### होम्योपैथिक फार्मासिस्ट, कुल पद : 397

**(वर्ग के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | पद : 161 |
| अनुसूचित जाति वर्ग | पद : 83 |
| अनुसूचित जनजाति वर्ग | पद : 07 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | पद : 107 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | पद : 39 |

### योग्यता

- माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट की परीक्षा विज्ञान (गणित या जीव विज्ञान समूह) के साथ उत्तीर्ण की हो। या इसके समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो।
- दो वर्षीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट डिप्लोमा किया हो।
- तीन महीने का होम्योपैथिक फार्मासिस्ट प्रशिक्षण लिया हो।
- अभ्यर्थी का होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

**वेतनमान :** 29,200 रुपये से 92,300 रुपये।

### आयु सीमा

- न्यूनतम 21 और अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।
- आयु सीमा की गणना 19 जुलाई 2024 को आधार मानकर की जाएगी।
- अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

### चयन प्रक्रिया

- अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा।
- लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग उनके प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2023 (पीईटी) के स्कोर के आधार पर की जाएगी।
- लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 25 रुपये निर्धारित है।
- महिलाओं एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों और खिलाड़ियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ यूपीआई/ नेट बैंकिंग या एसबीआई के ई-चालान के माध्यम से किया जा सकता है।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले यूपीएसएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट (https://upsssc.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर दिखाई दे रहे नोटिफिकेशंस/ एडवर्टाइजमेंट्स के विकल्प पर क्लिक करें। नए पेज पर '09-EXAM/2024 20/06/2024' नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिखेगा। इसके आगे 'व्यू एडवर्टाइजमेंट' का विकल्प दिया गया है। इस पर क्लिक करें। अपनी सुविधानुसार अंग्रेजी या हिंदी में विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें।
- आवेदन करने से पूर्व विज्ञान को अच्छी तरह पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें। अब आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस जाएं। दिए गए दिशा-निर्देशों को पढ़ लें। अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन करने के लिए दो विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं- व्यक्तिगत विवरण के साथ एवं ओटीपी के माध्यम से।
- रजिस्ट्रेशन के दौरान अनिवार्य जानकारियां दर्ज करें और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर लॉगइन करें।
- लॉगइन करने के लिए भी मांगे गए सभी विवरण भरें और अंत में सब्मिट बटन पर क्लिक करें। सब्मिट करते ही अभ्यर्थी का आवेदन-पत्र खुल जाएगा। इसमें आपके रजिस्ट्रेशन नंबर सहित अन्य विवरण भी दिए होंगे। इसका एक प्रिंट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।
- घोषणा-पत्र से सहमत होने के बाद 'सेव एंड प्रोसीड' पर क्लिक करें। इसके बाद 'प्रोसीड टू पेमेंट ऑफ फी एंड फाइनल सब्मिशन' पर क्लिक करें। आवेदन शुल्क का भुगतान करने के साथ ही आगे की प्रक्रिया पूरी करें। अंत में आवेदन-पत्र सब्मिट कर दें। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का एक प्रिंट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

### अधिक जानकारी यहां

- हेल्पलाइन नंबर : 0522-2720814

# क्यूरेटर समेत 16 पदों के लिए फॉर्म भरें

संस्कृति मंत्रालय के तहत काम करने वाली संस्था नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम (एनसीएसएम), कोलकाता ने 16 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत क्यूरेटर-बी और ऑफिस असिस्टेंट के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है।

### क्यूरेटर-बी, कुल पद : 09

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से प्रथम श्रेणी से बीई/ बीटेक/ एमएससी की डिग्री हासिल की हो। साथ ही संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव हो। या
- बीई/ बीटेक/ एमएससी डिग्री के साथ ही विज्ञान विषय में एमएस/ एमटेक किया हो। या एमटेक/ पीएचडी साइंस/ पीएचडी इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की हो।

**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।
**वेतनमान :** 56,100 रुपये से 1,77,500 रुपये।

### ऑफिस असिस्टेंट,(ग्रेड-I) कुल पद : 07

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री हो।
**आयु सीमा :** अधिकतम 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।
**वेतनमान :** 35,400 रुपये से 1,12,400 रुपये।
**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के आधार पर।

### आवेदन शुल्क

- क्यूरेटर-बी के लिए 1770 रुपये और ऑफिस असिस्टेंट, (ग्रेड-I) के लिए 1180 रुपये निर्धारित है।
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांगों एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
- **आधिकारिक वेबसाइट :** https://ncsm.gov.in

# बैंक ऑफ बड़ौदा में 168 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रोफेशनल्स के 168 रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी किया है। ये नियुक्तियां नियमित आधार पर बैंक के कॉरपोरेट एंड इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट एंड फाइनेंस डिपार्टमेंट में की जाएंगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति देश भर में कहीं भी की जा सकती है। बैंक में सेवा देने के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास केवल 02 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन करने एवं शुल्क अदा करने का मौका है। विस्तृत जानकारी यहां दी जा रही है...

### प्रोफेशनल्स, कुल पद : 168 (अनारक्षित 26)

**(विभाग के अनुसार रिक्तियों का ब्योरा)**

### विभाग : कॉरपोरेट एंड इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट

- फॉरेक्स एक्वीसिशन एंड रिलेशनशिप मैनेजर (एमएमजी/ एस-II), कुल पद : 11

**आयु सीमा :** न्यूनतम 24 और अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।
**वेतनमान :** 64,820 रुपये से 93,960 रुपये।
- फॉरेक्स एक्वीसिशन एंड रिलेशनशिप मैनेजर (एमएमजी/ एस-III), कुल पद : 04

**आयु सीमा :** न्यूनतम 26 और अधिकतम 40 वर्ष हो।
**वेतनमान :** 85,920 रुपये से 1,05,280 रुपये।
**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। साथ ही पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/ डिप्लोमा एवं सेल्स मार्केटिंग में विशेषज्ञता हासिल हो। पदानुसार संबंधित क्षेत्र में दो से तीन वर्षों का कार्यानुभव होना चाहिए।
- क्रेडिट एनालिस्ट (एमएमजी/एस-II), कुल पद : 10

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। साथ ही सीए की डिग्री हासिल की हो।
**आयु सीमा :** न्यूनतम 25 और अधिकतम 30 वर्ष से कम हो।
**वेतनमान :** 64,820 से 93,960 रुपये।
- क्रेडिट एनालिस्ट (एमएमजी/एस-III), कुल पद : 70

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। स्नातकोत्तर डिग्री सहित फाइनेंस या सीए/ सीएमए/ सीएस/ सीएफए में विशेषज्ञता हासिल हो।
- रिलेशनशिप मैनेजर (एमएमजी/एस-III), कुल पद : 44

**आयु सीमा (उपरोक्त दोनो पदों के लिए) :** न्यूनतम 28 और अधिकतम 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।
**वेतनमान (उपरोक्त दोनो पदों के लिए) :** 85,920 रुपये से 1,05,280 रुपये।
- रिलेशनशिप मैनेजर (एसएमजी/एस-IV), कुल पद : 22

**योग्यता (उपरोक्त दोनो पदों के लिए) :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। फाइनेंस में विशेषज्ञता सहित पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/ डिप्लोमा हो। संबंधित क्षेत्र में पदानुसार चार से आठ वर्षों का कार्यानुभव होना चाहिए।
**आयु सीमा :** न्यूनतम 35 एवं अधिकतम 42 वर्ष से कम हो।
**वेतनमान :** 1,02,300 रुपये से 1,20,940 रुपये।

### विभाग : फाइनेंस वर्टिकल

- सीनियर मैनेजर-बिजनेस फाइनेंस (एमएमजी/ एस-III), कुल पद : 04

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। साथ ही सीए या फाइनेंस में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/ डिप्लोमा हो। बैंकों/ बिजनेस फाइनेंस/ बिजनेस प्लानिंग आदि संबंधित क्षेत्र में पांच साल से अधिक का कार्यानुभव हो।
**आयु सीमा :** न्यूनतम 28 और अधिकतम 38 वर्ष से कम हो।
- चीफ मैनेजर, इंटर्नल कंट्रोल (एसएमजी/एस-IV), कुल पद : 03

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री एवं चार्टर्ड अकांउटेंट हो। पब्लिक/ प्राइवेट बैंक या अन्य संबंधित क्षेत्र में कम से कम आठ वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
**आयु सीमा :** न्यूनतम 28 और अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।
**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** 1,02,300 से 1,20,940 रुपये।

### आयु सीमा में छूट

- आयु सीमा की गणना 01 जून 2024 के आधार पर होगी।
- अधिकतम आयु सीमा में एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** ऑनलाइन टेस्ट/ साइकोमेट्रिक टेस्ट/ ग्रुप डिस्कशन/ साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

### परीक्षा स्थल

- दिल्ली/एनसीआर, पटना, चंडीगढ़, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ, पुणे, अहमदाबाद, जम्मू, जालंधर, मुंबई, देहरादून, गुवाहाटी, बरेली, बड़ौदा, भोपाल आदि।

**प्रोबेशन अवधि :** एक वर्ष होगी।

### आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग/ ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए 600 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग, दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों को 100 रुपये शुल्क देन होगा।
- भुगतान क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ नेट बैंकिंग आदि के जरिए ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.bankofbaroda.in) पर जाएं। होमपेज पर स्क्रॉल करते हुए सबसे नीचे 'अबाउट अस' सेक्शन में दिखाई दे रहे 'करियर्स' के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद 'करंट ऑप्चुर्निटीज' में जाएं।
- यहां 'Recruitment of Professionals on Regular Basis in Corporate & Institutional Credit and Finance Department' नाम से भर्ती से संबंधित विज्ञापन दिखाई देगा। नोटिफिकेशन पर क्लिक करें। अगले पेज पर नोटिफिकेशन का पीडीएफ डाउनलोड करने का विकल्प दिखाई देगा। विज्ञापन डाउनलोड कर अभ्यर्थी इसे एक बार अच्छी तरह पढ़ ले और अपनी योग्यता जांच लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर आएं। यहां 'अप्लाई ऑनलाइन' पर क्लिक करें। रिक्रूटमेंट का पेज खुलेगा। जिस विभाग के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उस विभाग का चयन करें और 'प्रोसीड' विकल्प पर क्लिक करें।
- अब नए पेज पर पद का नाम, अपना नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल और कैप्चा दर्ज कर सब्मिट करें। मोबाइल पर एक ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी नंबर डालें। रजिस्ट्रेशन का पेज खुल जाएगा। यहां मांगी गई जानकारियां भरें और अंत में 'सेव एंड नेक्स्ट' पर क्लिक करें।
- अब लॉगइन आईडी और पासवर्ड डालकर लॉगइन करें। आवेदन-पत्र खुल जाएगा। निर्देशानुसार आवेदन-पत्र भरें। अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) एवं अन्य दस्तावेजों को पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करें।
- आवेदन-पत्र भरने के दौरान अभ्यर्थियों को एक लिंक दिया जाएगा। उस लिंक पर जाकर अपनी पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
- अब भरे गए आवेदन-पत्र की जांच कर लें। अंत में आवेदन शुल्क का भुगतान करें और आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें। सब्मिट करने से पहले भरे हुए आवेदन-पत्र का एक प्रिंट निकालकर भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

# एसएससी 17727 बंपर भर्तियां करेगा

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस परीक्षा के जरिए केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और संस्थानों में 17727 बंपर भर्तियां की जाएंगी। आयोग के अनुसार ये संभावित रिक्तियां हैं। आवश्यकता के अनुसार इनमें बदलाव भी हो सकता है। स्नातक उत्तीर्ण युवा इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2024 है।

**पे लेवल-7 (44900-142400 रुपये) के अनुसार रिक्तियां**

- असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर
- असिस्टेंट/ असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर
- इंस्पेक्टर (इनकम टैक्स)
- इंस्पेक्टर (सेंट्रल एक्साइज)
- इंस्पेक्टर (प्रिवेंटिव ऑफिसर)
- इंस्पेक्टर (एग्जामिनर)
- असिस्टेंट इनफोर्समेंट ऑफिसर
- सब इंस्पेक्टर
- इंस्पेक्टर पोस्ट्स
- इंस्पेक्टर

**आयु सीमा :** पदानुसार न्यूनतम 18 और अधिकतम 30 वर्ष हो।

**पे लेवल-6 (35400-112400 रुपये) के अनुसार रिक्तियां**

- असिस्टेंट/ असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर
- एग्जिक्यूटिव असिस्टेंट
- रिसर्च असिस्टेंट
- डिविजनल अकाउंटेंट
- सब-इंस्पेक्टर
- सब-इंस्पेक्टर/ जूनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर
- जूनियर स्टेटिस्टिकल ऑफिसर

**आयु सीमा :** पदानुसार अधिकतम 30 से 32 वर्ष हो।

**पे लेवल-5 (29200-92300 रुपये) के अनुसार रिक्तियां**

- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- अकाउंटेंट/ जूनियर अकाउंटेंट

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 और अधिकतम 27 वर्ष से कम हो।

**पे लेवल-4 (25500-81100 रुपये) के अनुसार रिक्तियां**

- पोस्टल असिस्टेंट/सोर्टिंग असिस्टेंट
- सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट/यूडीसी
- सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट
- टैक्स असिस्टेंट
- सब-इंस्पेक्टर

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 और अधिकतम 27 वर्ष से कम हो।

**योग्यता :** जूनियर स्टेटिस्टिकल ऑफिसर के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक हो। साथ ही 12वीं में गणित में न्यूनतम 60% अंक हो। या

- किसी भी विषय में स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता हो। साथ ही एक विषय स्टेटिस्टिक्स भी हो।
- अन्य पदों के लिए किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री या समकक्ष योग्यता हो।
- कुछ पदों के लिए एक वर्ष का कार्यानुभव भी होना चाहिए।

## आयु सीमा में छूट

- एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
- उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अगस्त 2024 के आधार पर की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

## परीक्षा का प्रारूप

- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) दो चरणों टियर-1 और टियर-2 के तहत आयोजित की जाएगी। टियर-1 में 100 सवाल होंगे, जिनके लिए 200 अंक निर्धारित है। टियर-1 में चार भाग होंगे। इसमें जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग, जनरल अवेयरनेस, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और इंग्लिश कम्प्रिहेंसन के 25-25 प्रश्न शामिल होंगे।
- लिखित परीक्षा के लिए 60 मिनट का समय मिलेगा। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।
- निगेटिव मार्किंग भी होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक चौथाई अंक की कटौती की जाएगी।
- टीयर-2 के तहत तीन पेपर होंगे। पहला पेपर सभी पदों के लिए अनिवार्य होगा।
- पहले पेपर में दो सेक्शन होंगे। पहले सेक्शन के तीन भाग होंगे। पहले भाग में मैथमेटिकल एबिलिटी और रीजनिंग/जनरल इंटेलिजेंस के 30-30 प्रश्न होंगे। कुल 60 प्रश्नों के लिए 180 अंक निर्धारित हैं। इस भाग को हल करने के लिए एक घंटे का समय मिलेगा।
- दूसरे भाग में इंग्लिश लैंग्वेज एंड कॉम्प्रिहेंशन के 45 और जनरल अवेयरनेस के 25 प्रश्न होंगे। कुल 70 प्रश्नों के लिए 210 अंक निर्धारित हैं। इस भाग को हल करने के लिए भी एक घंटे का वक्त मिलेगा।
- तीसरे भाग में कंप्यूटर नॉलेज मॉड्यूल के 20 प्रश्न होंगे, जिनके लिए 60 अंक निर्धारित हैं। इसके लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।
- पहले पेपर के दूसरे सेक्शन के तहत डाटा एंट्री स्पीड टेस्ट लिया जाएगा। इसके लिए भी 15 मिनट मिलेंगे।
- टीयर-2 के तहत पेपर-2 और पेपर-3 पदानुसार लिया जाएगा। इसकी विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक अधिसूचना देखें।

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

**ध्यान दें**
**17727 पद**

- आवेदन शुल्क : 100 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, महिलाओं एवं दिव्यांगों के लिए निशुल्क।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 24 जुलाई 2024 (रात 11:00 बजे तक)
- ऑनलाइन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि : 25 जुलाई 2024 (रात 11:00 बजे तक)
- कंप्यूटर बेस्ड टीयर-1 परीक्षा की संभावित तिथि : सितंबर/अक्टूबर 2024
- वेबसाइट : https://ssc.gov.in ■ ई-मेल : helpdesk-ssc@ssc.nic.in

**इंस्पेक्टर (सेंट्रल एक्साइज/एग्जामिनर/प्रिवेंटिव ऑफिसर), इंस्पेक्टर और एसआई पद के लिए शारीरिक मापदंड**

**विभाग :** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो
**लंबाई :** पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 157.5 सेंटीमीटर और महिलाओं के लिए 152 सेंटीमीटर हो।

- गोरखा,गढ़वाली, असमिया, गोरखा और अनुसूचित जनजाति के पुरुष अभ्यर्थियों को पांच सेंटीमीटर और महिला अभ्यर्थियों को 2.5 सेंटीमीटर की छूट होगी।

**सीना (पुरुषों के लिए) :** 81 सेमी। पांच सेमी का फुलाव हो।
**वजन (महिलाओं के लिए) :** न्यूनतम 48 किलोग्राम।

## शारीरिक परीक्षण

**पैदल चलना :** पुरुषों को 15 मिनट में 1600 मीटर और महिलाओं को 20 मिनट में 1 किमी मीटर पैदल चलना होगा।
**साइकिल चलाना :** पुरुषों को 30 मिनट में 8 किलोमीटर और महिलाओं को 25 मिनट में 3 किमी साइकिल चलाना होगा।
**नोट :** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो में सब इंस्पेक्टर पद के लिए साइकिलिंग लागू नहीं है।

**सब-इंस्पेक्टर पद के लिए शारीरिक मापदंड**

**विभाग :** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन
**लंबाई :** पुरुषों के लिए 165 सेंटीमीटर और महिलाओं के लिए 150 सेंटीमीटर हो।
**सीना (पुरुषों के लिए) :** 76 सेमी। पांच सेमी का फुलाव हो।

**सब-इंस्पेक्टर पद के लिए शारीरिक मापदंड**

**विभाग :** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी
**लंबाई :** पुरुषों के लिए 170 सेंटीमीटर और महिलाओं के लिए 150 सेंटीमीटर।
**सीना (पुरुषों के लिए) :** 76 सेमी। पांच सेमी का फुलाव हो।

**एसआई/जूनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर पद के लिए मापदंड**

**विभाग :** गृह मंत्रालय का नारकोटिक्स ब्यूरो
**लंबाई :** पुरुषों के लिए न्यूनतम 165 सेंटीमीटर और महिलाओं के लिए 152 सेंटीमीटर हो।
**सीना (पुरुषों के लिए) :** 76 सेमी। पांच सेमी का फुलाव हो।
**नोट :** पहाड़ी लोगों और आदिवासियों को लंबाई में पांच सेंटीमीटर की छूट दी जाएगी।

## एसएससी के सेंटर

**उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए**

रीजनल डायरेक्टर (सेंट्रल रीजन)
स्टाफ सेलेक्शन कमिशन,
34-ए, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस
केंद्रीय सदन, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश - 211001
**वेबसाइट :** https://www.ssc-cr.org

**दिल्ली/एनआर, राजस्थान और उत्तराखंड के लिए**

रीजनल डायरेक्टर (नॉर्दन रीजन), स्टाफ सेलेक्शन कमिशन, ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली
**वेबसाइट :** http://www.sscnr.nic.in/

**इन केंद्रों में होगी परीक्षा**

- भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, आगरा, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, देहरादून, हलद्वानी, रुड़की, दिल्ली, अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर आदि शहरों में परीक्षा होगी।

## आवेदन शुल्क

- 100 रुपये। शुल्क का भुगतान नेट बैंकिंग/ क्रेडिट कार्ड/ डेबिड कार्ड के जरिए ऑनलाइन करना होगा। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांगों और महिलाओं के लिए शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट https://ssc.gov.in पर जाएं। होमपेज पर नोटिस बोर्ड के नीचे Notice of Combined Graduate Level Examination 2024 पर क्लिक करें।
- ऐसा करने से विज्ञापन खुल जाएगा। अब इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और योग्यता की जांच कर लें। अब पिछले पेज पर वापस आएं और दाईं ओर अप्लाई सेक्शन पर क्लिक करें।
- नये पेज पर Combined Graduate Level Examination, 2024 के आगे अप्लाई पर क्लिक करें। अब नये पेज पर लॉग इन टू योर एकाउंट दिखाई देगा।
- अब सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके लिए नीचे आएं और रजिस्टर नाउ लिंक पर क्लिक करें। इससे रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। इसे चार चरणों में भरना होगा। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल व अन्य जानकारियां दर्ज करें। इसके अलावा पता दर्ज करें। साथ ही यहां अपना फोटो और सिग्नेचर की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
- रजिस्ट्रेशन के समय आधार नंबर की जानकारी देनी है। यदि आधार नंबर नहीं है तो बाएं अंगूठे के निशान को स्कैन करना होगा। सभी जानकारियों को जांचने के बाद फाइनल सब्मिट का बटन दबाएं। इससे रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाएगा और रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड मिल जाएगा।
- अब पिछले वेबपेज पर वापस आएं और यूजर नेम और और पासवर्ड डालकर लॉगिन करें। इससे आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। फॉर्म में परीक्षा केंद्र, शैक्षणिक योग्यता आदि जानकारियां भरें। निर्देशानुसार आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए चालान जेनरेट करें। इसका प्रिंट निकाल लें। इसके बाद 'आई एग्री' बटन पर क्लिक कर आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर लें।
- अब वेब पेज पर वापस आएं और प्रिंटआउट एप्लीकेशन फॉर्म पर क्लिक करें। ऐसा करने से नया पेज खुल जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड दर्ज कर सब्मिट का बटन दबाएं। ऐसा करने से भरा हुआ आवेदन पत्र खुल जाएगा। इसे डाउनलोड कर लें। साथ ही प्रिंट निकाल लें।

# आईटीआई पास के लिए 201 पदों पर अवसर

ऑर्डिनेंस फैक्टरी, देहु रोड, पुणे, महाराष्ट्र (म्युनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई) ने केमिकल प्लांट अटेंडेंट ऑपरेटर (एओसीपी) ट्रेड के पूर्व अप्रेंटिस (ऑर्डिनेंस फैक्टरी में काम किया हुआ) के लिए 201 पदों पर रिक्तियां निकाली हैं। इसके तहत चयनित अभ्यर्थी की डेंजर बिल्डिंग वर्कर (डीबीडब्ल्यू) के रूप में एक वर्ष के अनुबंध पर नियुक्ति की जाएगी। अनुबंध की अवधि चार वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। इसमें ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन संस्थान के पते पर 06 जुलाई 2024 तक पहुंच जाना चाहिए।

**डीबीडब्ल्यू, कुल पद : 201**

**(वर्गों के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | पद : 82 |
| ओबीसी वर्ग | पद : 54 |
| एससी वर्ग | पद : 30 |
| एसटी वर्ग | पद : 15 |
| ईडब्ल्यूएस | पद : 20 |

## योग्यता

- ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से केमिकल प्लांट अटेंडेंट ऑपरेटर (एओसीपी) ट्रेड से अप्रेंटिस किया हो।
- नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (एनसीवीटी) से संबंधित ट्रेड में सर्टिफिकेट प्राप्त हो।
- मान्यता प्राप्त संस्थान से आईटीआई उत्तीर्ण होना चाहिए।
- ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से एओसीपी नहीं होने पर चयनित अभ्यर्थी को एक महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

**वेतनमान :** 19,900 रुपये।

## आयु सीमा

- न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।
- अधिकतम आयु में एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- एनसीटीवीटी में प्राप्त अंकों और ट्रेड टेस्ट/ प्रैक्टिकल टेस्ट के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
- एनसीटीवीटी परीक्षा और ट्रेड टेस्ट/ प्रैक्टिकल टेस्ट को क्रमशः 80 फीसदी और 20 फीसदी वेटेज दिया जाएगा। इसके बाद दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

## आवेदन शुल्क

- किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले म्युनिशंस इंडिया लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट (http:// munitionsindia.in) पर जाएं। होमपेज पर ऊपर में ही नीले रंग की पट्टी में 'करियर्स' का विकल्प दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें।
- नए पेज पर स्क्रॉल करते हुए नीचे आएं। यहां 'करियर्स' में भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से डिविजनस-ओएफडीआर में 'ENGAGEMENT OF TENURE BASED DBW (No. OFDR/ 01/AOCP/Tenure/DBW/2024' नाम से नोटिफिकेशन पर क्लिक करें।
- नए पेज पर विज्ञापन का पीडीएफ खुल जाएगा। इसे अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें। विज्ञापन में ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया है। उसका प्रिंट ए-4 साइज के पेपर पर निकाल लें।
- अब आवेदन पत्र में नाम, पता सहित सभी जानकारियां एक-एक कर दर्ज करें। निर्धारित स्थान पर अपनी हाल की पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं।
- अब भरे हुए आवेदन पत्र और अनिवार्य दस्तावेजों की फोटो कॉपी की स्वयं सत्यापित कर लिफाफे में रखकर डाक के माध्यम से संस्थान के पते पर भेज दें।

**इस पते पर भेजें आवेदन**

- मुख्य महाप्रबंधक, ऑर्डिनेंस फैक्टरी, देहु रोड, पुणे (महाराष्ट्र), पिन- 412101

# असिस्टेंट प्रोफेसर के 1339 पदों पर मौके

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1339 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये भर्तियां एनाटॉमी, एनेस्थीसिया, बायोकेमेस्ट्री, दंत रोग, नेत्र रोग, नाक, कान एवं गला, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिसिन, हड्डी रोग, स्त्री रोग एवं प्रसव, मनोरोग, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी, पैथोलॉजी, शिशु रोग, रेडियोलॉजी आदि विभागों में की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2024 है।

## बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)

**ध्यान दें**

**1339 पद**

- आवेदन शुल्क : 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के 25 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 26 जुलाई 2024
- वेबसाइट : bpsc.bih.nic.in, https://onlinebpsc.bihar.gov.in
- ई-मेल : bpscpat-bih@nic.in

### असिस्टेंट प्रोफेसर, कुल पद : 1339

(विभाग के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)

| | |
|---|---|
| एनाटॉमी | पद : 49 |
| एनेस्थीसिया | पद : 99 |
| बायोकेमेस्ट्री | पद : 48 |
| दंत रोग | पद : 23 |
| नेत्र रोग | पद : 47 |
| नाक, कान एवं गला | पद : 50 |
| एफएमटी | पद : 55 |
| माइक्रोबायोलॉजी | पद : 45 |
| मेडिसिन | पद : 119 |
| हड्डी रोग | पद : 59 |
| स्त्री रोग एवं प्रसव | पद : 88 |
| मनोरोग | पद : 56 |
| फिजियोलॉजी | पद : 46 |
| फार्माकोलॉजी | पद : 39 |
| पीएसएम | पद : 45 |
| पैथोलॉजी | पद : 57 |
| शिशु रोग | पद : 74 |
| पीएमआर | पद : 41 |
| रेडियोलॉजी | पद : 64 |
| डर्मेटोलॉजी | पद : 56 |
| टीबी एंड चेस्ट | पद : 67 |
| जेरियाट्रिक्स | पद : 36 |
| रेडियोथेरेपी | पद : 76 |

**योग्यता :** संबंधित विषय में एमडी/ एमएस डिग्री प्राप्त करने के बाद मान्यता प्राप्त प्राप्त मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट/ ट्यूटर के रूप में तीन वर्ष का अनुभव हो।

- बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के ऐसे अधिकारी जिनके पास किसी विशिष्ट विषय में स्नातकोत्तर डिग्री है और उसके बाद मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में रेजिडेंट/ सीनियर रेजिडेंट/ ट्यूटर के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव है, वे उम्मीदवार भी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- असिस्टेंट प्रोफेसर, दंत रोग के लिए एमडीएस की डिग्री प्राप्त करने के बाद किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल/ डेंटल कॉलेज से संबंधित विषय में सीनियर रेजिडेंट/ रजिस्ट्रार/ ट्यूटर के रूप में तीन वर्ष का अनुभव हो।

**वेतनमान :** 15600-39100 रुपये, ग्रेड पे 6600 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 45 वर्ष से कम हो।

- आयु की गणना 01 अगस्त 2023 के आधार पर होगी।
- ओबीसी/ईबीसी वर्ग और महिलाओं को तीन वर्ष, एससी/एसटी वर्ग और बिहार स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत चिकित्सकों को पांच वर्ष की छूट दी जाएगी।

### आवेदन शुल्क

- 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए 25 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।
- 200 रुपये बायोमेट्रिक शुल्क अतिरिक्त देना होगा। जिन अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन में आधार संख्या अंकित है उन्हें बायोमेट्रिक शुल्क नहीं देना होगा।

### चयन प्रक्रिया

- शैक्षिक मेरिट और साक्षात्कार के आधार पर चयन होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले वेबसाइट (bpsc.bih.nic.in) पर जाएं। होमपेज पर नीचे की ओर स्क्रॉल करें। यहां भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिखाई देगा। इसमें से **Important Notice and Advertisement for the post of Assistant Professor in various Departments (Specialty) of State Medical College & Hospitals.** पर क्लिक करें।
- नये पेज पर विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड हो जाएगा। अब इसे पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- आवेदन करने लिए पिछले पेज पर वापस जाएं और अप्लाई ऑनलाइन पर क्लिक करें। नये पेज पर **Use the following link to submit your online application** के नीचे **B.P.S.C. Online Application** पर क्लिक करें।
- नये पेज पर गहरे नीले रंग की पट्टी पर 'इंस्ट्रक्शन टू फिल ऑनलाइन अप्लीकेशन' का विकल्प दिखाई देगा। इसके नीचे पीडीएफ पर क्लिक करें। अभ्यर्थी इसे अच्छी तरह से पढ़ लें, क्योंकि इसमें ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया बताई गई है।
- अब फिर से पिछले पेज पर वापस आएं। रजिस्ट्रेशन करने के लिए अभ्यर्थी विज्ञापन के सामने ही अप्लाई ऑनलाइन के विकल्प पर क्लिक करें।
- नये पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। अब रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी दर्ज करें और अंत में कैप्चा भरकर 'सब्मिट रजिस्ट्रेशन फॉर्म' पर क्लिक करें।
- अब पिछले पेज पर वापस आएं। ऊपर की ओर स्क्रॉल करें। यहां सामने ही दाईं ओर गहरे नीले रंग की पट्टी पर 'लॉगइन' का विकल्प दिखेगा। अभ्यर्थी इसमें रजिस्ट्रेशन के दौरान प्राप्त यूजरनेम और पासवर्ड दर्ज करें और कैप्चा भरकर नीचे दिए गए 'लॉगइन' पर क्लिक कर दें।
- नए पेज पर आवेदन-पत्र खुलकर सामने आ जाएगा। अभ्यर्थी एक बार आवेदन-पत्र को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसके बाद आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारी को एक-एक कर दर्ज करें। आवेदन-पत्र भरने के दौरान मांगे गए सभी दस्तावेज अपलोड, फोटो, हस्ताक्षर अपलोड करें।
- निर्देशानुसार शुल्क का भुगतान कर दें। अंत में कैप्चा भरकर आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें। आवेदन-पत्र को सब्मिट करने से पहले प्रिंट निकालकर सुरक्षित रख लें।

# राजधानी कॉलेज, दिल्ली में 62 पदों पर चयन होगा

राजधानी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), नई दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर के 62 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। ये भर्तियां कंप्यूटर साइंस, अंग्रजी आदि विषयों/विभागों में की जाएंगी। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर, कुल पद : 62 (अनारक्षित 22)

(विभाग के अनुसार रिक्तियों का ब्योरा)

| | |
|---|---|
| केमिस्ट्री | पद : 09 |
| कॉमर्स | पद : 14 |
| कंप्यूटर साइंस | पद : 02 |
| इकोनॉमिक्स | पद : 05 |
| इंग्लिश | पद : 05 |
| हिंदी | पद : 03 |
| इतिहास | पद : 07 |
| मैथमेटिक्स | पद : 11 |
| फिजिक्स | पद : 01 |
| एन्वॉयरमेंटल साइंस | पद : 01 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | पद : 04 |

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री हो।

- नेट की परीक्षा उत्तीर्ण हो। या पीएचडी की डिग्री हो।

**आयु सीमा :** संस्थान द्वारा तय मानकों के अनुसार।

**वेतनमान :** 56,100-1,77,500 रुपये।

### चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
- साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
- साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना होगा।
- अभ्यर्थियों को जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित कॉपी जमा करानी होगी।

### आवेदन शुल्क

- सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 500 रुपये। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांगों एवं महिलाओं के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले वेबसाइट (**www.rajdhanicollege.ac.in**) पर जाएं। होमपेज पर रिक्रूटमेंट सेक्शन में जाएं। यहां **Online Application are invited for the Post of Assistant Professor** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिया गया है। इस पर क्लिक करें और नोटिफिकेशन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें। इसे अच्छी तरह पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस जाएं। यहां नोटिफिकेशन के नीचे ही ऑनलाइन लिंक फॉर असिस्टेंट प्रोफेसर पोस्ट के सामने दिए गए लिंक पर क्लिक करें। इस लिंक (**https://colrec.uod.ac.in/**) पर जाकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करें। ईमेल आईडी और पासवर्ड डालें। कैप्चा भरकर लॉगइन करें।
- आवेदन पत्र खुल जाएगा। दिए गए निर्देशानुसार आवेदन पत्र में व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जानकारियां दर्ज करें। आवेदन शुल्क का भुगतान करें। दस्तावेज अपलोड करें।
- आवेदन पत्र सब्मिट करने से पहले एक बार इसकी जांच कर लें। अंत में आवेदन पत्र सब्मिट कर दें। भरे हुए आवेदन पत्र का एक प्रिंट निकालकर अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

### अधिक जानकारी यहां

- ईमेल आईडी : **principal@rajdhani.du.ac.in**

# वॉक-इन-इंटरव्यू के जरिए अप्रेंटिस के 158 पद भरे जाएंगे

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड ने अप्रेंटिस के 158 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके तहत विभिन्न ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्निशियन अप्रेंटिस और ग्रेजुएट अप्रेंटिस के पदों पर भर्तियां की जाएंगी। अभ्यर्थियों को तय तिथि में बताए गए पते पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा।

### ट्रेड अप्रेंटिस, कुल पद : 108

(ट्रेड के अनुसार पदों का ब्योरा)

| | |
|---|---|
| मेकेनिक डीजल | पद : 22 |
| मेकेनिक मोटर वाहन | पद : 12 |
| इलेक्ट्रिशियन | पद : 27 |
| कोपा | पद : 47 |

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में आईटीआई हो।

**इंटरव्यू की तिथि :** 04, 05 और 06 जुलाई 2024।

### टेक्नीशियन (डिप्लोमा) अप्रेंटिस, कुल पद : 10

(ट्रेड के अनुसार पदों की संख्या)

| | |
|---|---|
| खनन इंजीनियर | पद :01 |
| सिविल इंजीनियर | पद :01 |
| मेकेनिकल इंजीनियर | पद :04 |
| मेकेनिकल इंजीनियर | पद :04 |

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में डिप्लोमा हो।

**इंटरव्यू की तिथि :** 09 जुलाई 2024

### ग्रेजुएट अप्रेंटिस, कुल पद : 40

(ट्रेड के अनुसार पदों को ब्योरा)

| | |
|---|---|
| केमिकल इंजीनियर | पद : 01 |
| कंप्यूटर इंजीनियर | पद : 01 |
| बैचलर ऑफ फार्मेसी | पद : 01 |
| बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | पद : 02 |
| इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर | पद : 02 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियर | पद : 06 |
| खनन इंजीनियर | पद : 10 |
| सिविल इंजीनियर | पद : 07 |
| मेकेनिकल इंजीनियर | पद : 10 |

**योग्यता :** संबंधित विषय में इंजीनियरिंग की डिग्री हो।

**इंटरव्यू की तिथि :** 07 और 08 जुलाई 2024

**आयु सीमा :** न्यूनतम 16 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

- आयु की गणना 14 जून 2024 के आधार पर होगी।
- आरक्षित वर्ग को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।

### आवेदन प्रक्रिया

- ट्रेड अप्रेंटिस के लिए सबसे पहले एनएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके लिए पोर्टल (**www.apprenticeshipindia.gov.in**) पर जाएं।
- ग्रेजुएट अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस के अभ्यर्थी एनएटीएस (नेशनल अप्रेंटिसशीप ट्रेनिंग स्कीम) पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके लिए पोर्टल (**https://nats.education.gov.in**) पर जाएं।
- होमपेज पर 'लॉगइन/ रजिस्टर' का विकल्प दिखाई देगा। इसके अंदर कई विकल्प दिए गए हैं। इसमें पहले नंबर पर 'कैंडिडेट' का विकल्प दिखाई देगा। उस पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'रजिस्टर एज-ए कैंडिडेट' के विकल्प पर क्लिक करें। नए पेज पर रजिस्ट्रेशन-फॉर्म का प्रारूप खुल जाएगा। रजिस्ट्रेशन में मांगी गई जानकारी दर्ज कर रजिस्ट्रेशन-फॉर्म को सब्मिट कर दें। इसके साथ एनएपीएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।
- नोटिफिकेशन देखने के लिए अब संस्थान कह आधिकारिक वेबसाइट (**www.nmdc.co.in/**) पर जाएं। होमपेज पर करियर सेक्शन पर क्लिक करें।
- नए पेज पर **walk-in interview for Engagement of Apprentice Trainees at B.I.O.M, Kirandul Complex for the Year 2024-25** पर क्लिक करें। विज्ञापन पढ़ कर योग्यता जाच लें। फार्म को संस्थान के निर्देशानुसार भरें।
- प्रशिक्षण संस्थान, बीआईओएम, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, किरंदुल परिसर, जिला दंतेवाड़ा में वॉक-इन-इंटरव्यू होगा।

**इंटरव्यू का समय :** सुबह 9:00 से शाम 5:30 बजे तक।

# उत्तर-पूर्वी रेलवे में अप्रेंटिस के 1104 पदों पर बंपर मौके

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरसी), उत्तर-पूर्वी रेलवे, गोरखपुर ने एक्ट अप्रेंटिस के 1104 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत फिटर, वेल्डर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, मैकेनिस्ट के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। रेलवे ने 10वीं पास आईटीआई अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई 2024 है।

**रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरसी)**

**ध्यान दें**

**1104 पद**

- **आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग, दिव्यांगों और महिलाओं के लिए देय नहीं।
- **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 11 जुलाई 2024, शाम 5 बजे तक।
- **वेबसाइट :** www.ner.indianrailways.gov.in
- **ईमेल :** rrcapprentice@gmail.com

### मेकेनिकल वर्कशॉप (गोरखपुर), पद : 411

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 140 |
| वेल्डर | पद : 62 |
| इलेक्ट्रिशियन | पद : 17 |
| कारपेंटर | पद : 89 |
| पेंटर | पद : 87 |
| मशीनिस्ट | पद : 16 |

### सिंग्नल वर्कशॉप (गोरखपुर कैंट), पद : 63

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 31 |
| मशीनिस्ट | पद : 06 |
| वेल्डर | पद : 08 |
| कारपेंटर | पद : 03 |
| टर्नर | पद : 15 |

### ब्रिज वर्कशॉप (गोरखपुर कैंट), पद : 35

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 21 |
| मशीनिस्ट | पद : 03 |
| वेल्डर | पद : 11 |

### मेकेनिकल वर्कशॉप (इज्जतनगर), पद : 151

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 39 |
| वेल्डर | पद : 30 |
| कारपेंटर | पद : 39 |
| इलेक्ट्रिशियन | पद : 32 |
| पेंटर | पद : 11 |

### डिजल शेड (इज्जतनगर), पद : 60

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | पद : 30 |
| मेकेनिक डिजल | पद : 30 |

### कैरेज एंड वैगन (इज्जतनगर), पद : 64

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 64 |

### कैरेज एंड वैगन (लखनऊ जंक्शन), पद : 155

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 120 |
| वेल्डर | पद : 06 |
| कारपेंटर | पद : 11 |
| ट्रिमर | पद : 06 |
| मशीनिस्ट | पद : 06 |
| पेंटर | पद : 06 |

### डिजल शेड (गोंडा), पद : 90

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| वेल्डर | पद : 02 |
| इलेक्ट्रीशियन | पद : 20 |
| मेकेनिक डीजल | पद : 55 |
| फिटर | पद : 13 |

### कैरेज एंड वैगन (वाराणसी), पद : 75

(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)

| | |
|---|---|
| फिटर | पद : 66 |
| वेल्डर | पद : 02 |
| कारपेंटर | पद : 03 |
| ट्रिमर | पद : 02 |
| पेंटर | पद : 02 |

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ 10वीं पास या समकक्ष योग्यता हो।

- पद से संबंधित ट्रेड में आईटीआई किया हो।

**स्टाइपेंड :** अप्रेंटिस नियमानुसार स्टाइपेंड का भुगतान होगा।

**आयु सीमा :** अधिकतम 24 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 12 जून 2024 के आधार पर की जाएगी।

- अधिकतम आयु सीमा में एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष, दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- मेरिट, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल टेस्ट के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

## आवेदन शुल्क

- 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग, दिव्यांगों और महिलाओं को देय नहीं। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- अभ्यर्थी सबसे पहले संस्थान की वेबसाइट (https://ner.indianrailways.gov.in) पर जाएं।
- इसके होमपेज पर बायीं ओर 'कॉन्टैक्ट अस/ रिक्रूटमेंट' का विकल्प दिखेगा। इस पर क्लिक करें।
- नए पेज पर दायीं ओर कई विकल्प दिखेंगे। इनमें से 'रिक्रूटमेंट' पर क्लिक करें। अगले पेज पर फिर कई विकल्प नजर आएंगे। इनमें से 'आरआरसी' पर क्लिक करें। नए पेज पर 'एक्ट अप्रेंटिस ट्रेनिंग नोटिफिकेशन' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर क्रमांक संख्या-32 में 'एक्ट अप्रेंटिस नोटिफिकेशन 2024-25' के सामने 'डाउनलोड' पर क्लिक करें। इससे भर्ती से संबंधित विज्ञापन खुलेगा। इसकी पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर पढ़ लें। आवेदन करने को पिछले पेज पर वापस जाएं। 'डाउनलोड' के नीचे 'अप्लाई ऑनलाइन' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'स्टेप्स फॉर ऑनलाइन एप्लीकेशन' में चार विकल्प-अप्लाई फॉर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, फिल ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म, यू गेट लॉगइन डिटेल्स थ्रू एसएमएस एंड ईमेल, लॉगइन टू कंप्लीट एप्लीकेशन फॉर्म, प्रिंट/ डाउनलोड एप्लीकेशन फॉर्म दिखाई देंगे।
- इसके नीचे दिए 'ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन' पर क्लिक करें। नए पेज पर भर्ती से रिक्त पदों और ट्रेड से जुड़ी पूरी जानकारी खुल जाएगी।
- पेज को नीचे की ओर स्क्रॉल कर आएं और 'आई हैव रीड ऑल द इंस्ट्रक्शन केयरफुली' के सामने दिए बॉक्स में सही का निशान लगा दें।
- इसके बाद 'प्रोसीड' बटन पर क्लिक कर दें। नए पेज पर 'प्राइमरी रजिस्ट्रेशन फॉर गोरखपुर रेलवे एक्ट अप्रेंटिस ट्रेनिंग' के नीचे सेलेक्ट ट्रेड में अपना ट्रेड चुनकर 'नेक्स्ट' बटन पर क्लिक कर दें।
- नए पेज पर आर यू डिफरेंटली एबल्ड-यस और नो का विकल्प मिलेगा। इसमें अपनी शारीरिक स्थिति के अनुसार विकल्प का चयन कर 'नेक्स्ट' पर क्लिक कर दें।
- नए पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुलेगा। इसमें सबसे पहले पर्सनल इंफॉर्मेशन में अपना नाम, लिंग, ईमेल आदि दर्ज करें। इसके बाद 'एड्रेस फॉर कम्युनिकेशन' सेक्शन में अपना पता, शहर, जिला आदि जानकारियां दर्ज कर दें।
- तीसरे सेक्शन में अपना स्थाई पता दर्ज करें। चौथे सेक्शन में 10वीं कक्षा से जुड़ी जानकारियां दर्ज करनी हैं।
- पांचवें सेक्शन में आईटीआई से संबंधित जानकारियां दें। छठे सेक्शन डिक्लेरेशन में 'सही' का निशान लगा दें। सातवें सेक्शन में कैप्चा भर दें। आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अब पिछले पेज पर वापस जाएं। 'ओनली रजिस्टर कैंडिडेट कैन लॉगइन' के' नीचे अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड दर्ज करें और लॉगइन पर क्लिक करें।
- नए पेज पर आवेदन पत्र खुल जाएगा। यहां जानकारियां दर्ज करें। दस्तावेजों की कॉपी को अपलोड करें।
- संस्थान के निर्देशानुसार आवेदन शुल्क का भी भुगतान करें। अब 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर दें।

# जूनियर मैनेजर और डिप्लोमा टेक्निशियन समेत 271 पदों पर आवेदन करें

भारत सरकार के उद्यम आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) ने जूनियर मैनेजर, डिप्लोमा टेक्निशियन, जूनियर टेक्निशियन, लीगल असिस्टेंट के 271 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती अभियान के तहत अनुबंध के आधार पर नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरकर संस्थान के तय पते पर भेज दें। संस्थान को आवेदन पत्र 06 जुलाई 2024 तक प्राप्त हो जाना चाहिए।

### जूनियर मैनेजर (डिजाइन), पद : 02 (सामान्य)

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रथम श्रेणी मे डिजाइन/ टूल इंजीनियरिंग की डिग्री हो। डिफेंस टेक्नोलॉजी में एमटेक हो। साथ ही कॉम्बैक्ट व्हीकल इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन हो।

- पद से संबंधित दो वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

### डिप्लोमा टेक्निशियन, पद : 09

(विषय/ कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्तियां)

- सिविल — पद : 04

**योग्यता :** सिविल ब्रांच से इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया हो।

- क्वालिटी एंड इंस्पेक्शन — पद : 02

**योग्यता :** मेकेनिकल/ प्रोडक्शन/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच से डिप्लोमा किया हो। साथ ही क्वालिटी एसोरेंस/ इंस्पेक्शन/ क्वालिटी कंट्रोल में डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट कोर्स किया हो। या मेटालर्जी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा हो। साथ ही नॉन डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग/ इंडस्ट्रियल रेडियोग्राफी में सर्टिफिकेट कोर्स किया होना चाहिए। या

- केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/ केमेस्ट्री विषय से बीएससी हो। साथ ही लैब टेस्टिंग मेथड्स में सर्टिफिकेट हो।
- डिजाइन — पद : 03

**योग्यता :** मेकेनिकल/ ऑटोमोबाइल/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/ डिजाइन ब्रांच से इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया हो। इंडस्ट्रियल डिजाइन में पीजी डिप्लोमा किया होना चाहिए।

### जूनियर टेक्निशियन, पद : 259

(विभाग/ कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्तियां)

- ब्लैकस्मिथ — पद : 05

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से ब्लैकस्मिथ/ फाउंड्री/ फाउंड्री मैन में एनएसी/ एनटीसी हो।

- इलेक्ट्रिशियन — पद : 35

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिशियन/ पावर इलेक्ट्रिशियन में एनएसी/ एनटीसी हो।

- फिटर इलेक्ट्रॉनिक्स — पद : 10

**योग्यता :** इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक में एनएसी/ एनटीसी हो।

- फिटर जनरल — पद : 69

**योग्यता :** फिटर जनरल/ मेकेनिक मशीन टूर मेंटेनेंस/ टूल एंड डाई मेकर में एनएसी/ एनटीसी हो।

- फिटर ऑटो इलेक्ट्रिक — पद : 07

**योग्यता :** ऑटो इलेक्ट्रिशियन में एनएसी/ एनटीसी हो।

- फिटर एफवी — पद : 20

**योग्यता :** फिटर जनरल में एनएसी/ एनटीसी हो।

- मिलराइट — पद : 05

**योग्यता :** मिलराइट मेकेनिक/ मेकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस/ मेकेनिक एडवांस मशीन टूल मेंटेनेंस में एनएसी/ एनटीसी हो।

- मशीनिस्ट — पद : 40

**योग्यता :** मशीनिस्ट में एनएसी/ एनटीसी होना चाहिए।

- ऑपरेटर मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट, पद : 08

**योग्यता :** 10वीं उत्तीर्ण हो। भारी वाहन चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस हो। भारी वाहन चलाने का न्यूनतम दो का अनुभव हो। या क्रेन ऑपरेशन में एनएसी/ एनटीसी होना चाहिए।

- रिगर — पद : 05

**योग्यता :** रिगर में एनएसी/ एनटीसी या 10वीं उत्तीर्ण हो। लोडिंग-अनलोडिंग में दो वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

- पेंटर — पद : 05

**योग्यता :** पेंटर में एनएसी/ एनटीसी हो।

- वेल्डर — पद : 50

**योग्यता :** वेल्डर गैस एंड इलेक्ट्रिक में एनएसी/ एनटीसी हो।

### लीगल असिस्टेंट पद : 01

**योग्यता :** प्रथम श्रेणी के साथ पांच वर्षीय एलएलबी की डिग्री/ तीन वर्षीय एलएलबी की डिग्री होनी चाहिए।

**सूचना :** एनटीसी/ एनएसी का मतलब नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट/ नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट है।

**वेतनमान :** जूनियर मैनेजर के लिए : 30,000 रुपये।

- डिप्लोमा टेक्निशियन के लिए : 23,000 रुपये।
- जूनियर टेक्निशियन के लिए : 21,000 रुपये।
- असिस्टेंट के लिए : 23,000 रुपये।

**शैक्षणिक योग्यता (सभी पदों के लिए) :** पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम 65 फीसदी अंक प्राप्त हो। एससी/ एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए 10 फीसदी की छूट।

**आयु सीमा :** अधिकतम 28 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 06 जुलाई 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

- अधिकतम आयु में ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष, एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट होगी।

## चयन प्रक्रिया

- **जूनियर मैनेजर के लिए :** स्नातक में प्राप्त अंकों को 85 फीसदी वेटेज दिया जाएगा। साक्षात्कार/ ट्रेड टेस्ट 15 अंकों का होगा।
- **डिप्लोमा टेक्शिनयम के लिए :** डिप्लोमा कोर्स में प्राप्त अंकों को 85 फीसदी वेटेज दिया जाना है। साक्षात्कार/ ट्रेड टेस्ट 15 अंकों का होगा।
- **जूनियर टेक्निशियन के लिए :** एनटीसी/ एनएसी में प्राप्त अंकों को 100 फीसदी वेटेज दिया जाएगा। ट्रेड टेस्ट क्वालिफाइंग है।
- **लीगल असिस्टेंट के लिए :** एलएलबी में प्राप्त अंकों को 85% वेटेज मिलेगा। साक्षात्कार 15 अंकों का होगा।

**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**वेबसाइट :** www.avnl.co.in पर जाकर आवेदन करें।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में 427 पदों पर रिक्तियां

बैंक ऑफ बड़ौदा में सीनियर मैनेजर, इन्फ्रास्ट्रक्चर आर्किटेक्ट समेत 427 पदों पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये नियुक्तियां अनुबंध के आधार पर बैंक के विभिन्न विभागों में की जाएंगी। अभ्यर्थी 02 जुलाई 2024 या उससे पहले ऑनलाइन आवेदन-पत्र अवश्य सब्मिट कर दें।

**(विभाग के अनुसार रिक्तियों का ब्योरा)**

**बैंक ऑफ बड़ौदा**

**ध्यान दें**

427 पद

- आवेदन शुल्क : सामान्य, अन्य पिछड़ा और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 600 रुपये। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये देय है।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 02 जुलाई 2024
- आधिकारिक वेबसाइट : **https://www.bankofbaroda.in**

### इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी

- डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट- डाटा साइंटिस्ट, पद : 02

**आयु सीमा :** न्यूनतम 28 और अधिकतम 35 वर्ष।

- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट- डाटा साइंटिस्ट, पद : 05

**आयु सीमा :** न्यूनतम 25 और अधिकतम 32 वर्ष निर्धारित।

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/आईटी//डाटा साइंस/मशीन लर्निंग एंड एआई में बीई/बीटेक/एमटेक/एमई की डिग्री होनी चाहिए। तीन से छह वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो।

- डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट- डाटा इंजीनियर, पद : 02

**आयु सीमा :** न्यूनतम 28 और अधिकतम 35 वर्ष।

- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट- डाटा इंजीनियर, पद : 04

**आयु सीमा :** न्यूनतम 25 और अधिकतम 32 वर्ष हो।

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए):** कंप्यूटर साइंस/इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग की डिग्री हो। संबंधित क्षेत्र में पदानुसार तीन से छह वर्षों का कार्यानुभव हो।

- एप्लीकेशन आर्किटेक्ट पद : 01
- इंटरप्राइज आर्किटेक्ट पद : 01
- इन्फ्रास्ट्रक्चर आर्किटेक्ट पद : 02

**योग्यता (उपरोक्त तीनों पदों के लिए) :** कंप्यूटर साइंस/इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीई/ बीटेक की डिग्री एवं न्यूनतम आठ वर्षों का कार्यानुभव हासिल हो।

- इंटीग्रेशन एक्सपर्ट पद : 02
- टेक्नोलॉजी आर्किटेक्ट पद : 02

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** कंप्यूटर साइंस/ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीई/ बीटेक की डिग्री एवं न्यूनतम आठ वर्षों का कार्यानुभव हो।

**आयु सीमा (उपरोक्त पांचों पदों के लिए) :** न्यूनतम 32 वर्ष और अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।

- क्वालिटी एश्योरेंस इंजीनियर्स पद : 01
- डेवलपर- फुल स्टॉक जावा पद : 03
- डेवलपर- फुल स्टॉक नेट एंड जावा, पद : 05
- डेवलपर -मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट पद : 05
- यूआई/यूएक्स डिजाइनर पद : 01

**आयु सीमा (उपरोक्त सभी पदों के लिए) :** अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 25 और अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित है।

- सीनियर डेवलपर- फुल स्टॉक जावा, पद : 08
- सीनियर डेवलपर- मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट, पद : 02
- सीनियर यूआई/यूएक्स डिजाइनर, पद : 01

**आयु सीमा (उपरोक्त तीनों पदों के लिए) :** न्यूनतम 28 और अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित।

**योग्यता (उपरोक्त सभी पदों के लिए) :** कंप्यूटर साइंस/ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीई/ बीटेक की डिग्री हो। संबंधित क्षेत्र में तीन से छह वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त होना चाहिए।

### एमएसएमई

- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट -सेल्स, पद : 17
- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट-सेल्स सीवी/सीएमई लोन्स, पद : 03

**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** न्यूनतम 28 और अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित।

- सीनियर मैनेजर एमएसएमई सेल्स पद : 22

**आयु सीमा :** न्यूनतम 25 से कम और अधिकतम आयु 37 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- मैनेजर एमएसएमई सेल्स पद : 11

**आयु सीमा :** न्यूनतम 22 और अधिकतम आयु 35 वर्ष।

**योग्यता (सभी पदों के लिए) :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। बैंकिंग/ सेल्स/ मार्केटिंग/ क्रेडिट आदि मैनेजमेंट क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/ डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। दो से आठ वर्षों का कार्यानुभव हो।

### डब्ल्यूएमएस

- टेरीटरी हेड पद : 08

**आयु सीमा :** न्यूनतम 27 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष।

- सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर, पद : 234

**आयु सीमा :** न्यूनतम 24 और अधिकतम आयु 35 वर्ष।

- ई-वेल्थ रिलेशनशिप मैनेजर्स पद : 26

**आयु सीमा :** न्यूनतम 23 और अधिकतम 35 वर्ष से हो।

- वेल्थ स्ट्रेटेजिस्ट पद : 09

**आयु सीमा :** न्यूनतम 24 और अधिकतम आयु 45 वर्ष।

- प्रोडक्ट हेड प्राइवेट बैंकिंग पद : 01

**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पदों के लिए):** न्यूनतम 24 वर्ष और अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।

- पोर्टफोलियो रिसर्च एनालिस्ट पद : 01

**आयु सीमा :** 22 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**योग्यता (उपरोक्त छह पदों के लिए):** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो एवं संबंधित क्षेत्र में पदानुसार एक से छह वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो।

### कैश मैनेजमेंट डिपार्टमेंट

- असिस्टेंट वाइज प्रेसिडेंट पद : 19

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। मैनेजमेंट/ चार्टर्ड अकाउंटेंट में पीजी डिग्री/ डिप्लोमा धारकों को वरीयता दी जाएगी। तीन वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 23 और अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।

### डिजिटल ग्रुप

- डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट फॉर सोशल मीडिया मार्केटिंग, पद : 01

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। डिजिटल मार्केटिंग में स्पेशिलाइजेशन के साथ ही पीजी डिग्री/ डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट धारकों को वरीयता दी जाएगी। डिजिटल मार्केटिंग इन बैंकिंग प्रोडक्ट्स में दो वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 25 और अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।

- डिजिटल लेंडिंग इन रिस्क स्पेशलिस्ट, पद : 02

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक के साथ फाइनेंस/ इकोनॉमिक्स/ स्टैटिस्टिक्स/ मैथेमेटिक्स में विशेज्ञता एवं पीजी डिग्री हो। न्यूनतम पांच वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 28 और अधिकतम आयु 45 वर्ष हो।

- स्पेशल एनालिटिक्स पद : 03

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री एवं चार वर्षों का कार्यानुभव हासिल हो।

**आयु सीमा :** 25 से 40 वर्ष के बीच हो।

- जोनल हेड मैनेजर पद : 04

**योग्यता :** बीई/बीटेक/बीएससी-आईटी/बीएससी कंप्यूटर साइंस/ बीसीए/ एमसीए की डिग्री हो। संबंधित क्षेत्र मे न्यूनतम पांच वर्षों का कार्य अनुभव होना भी अनिवार्य होगा।

- डाटा इंजीनियर्स पद : 01

**योग्यता :** बीई/बीटेक किया हो। संबंधित क्षेत्र की गहन जानकारी एवं तीन वर्षों का अनुभव हो।

- एमएल ओप्स स्पेशलिस्ट पद : 01

**योग्यता :** आईटी/कंप्यूटर साइंस/ डाटा साइंस/ बिजनेस में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।

**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पदों के लिए):** 24 से 45 वर्ष।

- स्पेशलिस्ट इन आरपीए, पद : 01
- बिजनेस मैनेजर (मोबाइल बैंकिंग), पद : 01
- बिजनेस मैनेजर (बीबीपीएस), पद : 01
- लीड यूपीआई, पद : 01
- लीड डिजिटल, पद :01
- बिजनेस मैनेजर (एफएएसटीएजी), पद : 01

**आयु सीमा :** 24 से 40 वर्ष।

**योग्यता (उपरोक्त सभी पदों के लिए):** बीई/ बीटेक/ बीएससी-आईटी/ बीएससी कंप्यूटर साइंस/ बीसीए/ एमसीए/ एमबीए की डिग्री हो। पदानुसार 03 से 05 वर्षों का कार्य अनुभव हो।

**आयु सीमा (उपरोक्त सभी पदों के लिए):** 26 से 40 वर्ष हो।

- एनालिटिक्स पद : 04

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री एवं पांच वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो।

**आयु सीमा :** 26 से 45 वर्ष।

- क्रिएटिव डिजाइनर पद : 01

**योग्यता :** ग्राफिक डिजाइन/विजुवल कम्युनिकेशन या अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातक या समकक्ष योग्यता एवं तीन वर्षों का अनुभव हो।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 24 एवं अधिकतम 35 वर्ष।

- स्पेशलिस्ट यूआई/यूएक्स-कस्टमर जर्नी, पद : 01

**योग्यता :** कंप्यूटर साइंस/आईटी/एमसीए या डिजाइन संबंधी अन्य क्षेत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 24 एवं अधिकतम 40 वर्ष।

### यूपीआई मर्चेंट, पद : 04

**योग्यता :** कंप्यूटर साइंस/ आईटी/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इलक्ट्रॉनिक्स में बीई/ बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। न्यूनतम पांच वर्षों का कार्यानुभव हो।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 26 एवं अधिकतम 40 वर्ष।

### यूआई/यूएक्स स्पेशलिस्ट, पद : 01

**योग्यता :** इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी/ कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक/ स्नातकोत्तर डिग्री हो। या डिजाइन/फाइन आर्ट्स में डिग्री/ डिप्लोमा हो। न्यूनतम चार वर्षों का कार्यानुभव हो।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 25 एवं अधिकतम 45 वर्ष।

### आयु सीमा में छूट

- आयु की गणना 01 जून 2024 को आधार मानकर की जाएगी। ऊपरी आयु में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को दस वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**वेतनमान :** तय मानकों के अनुसार देय होगा।

**चयन :** ऑनलाइन टेस्ट/इंटरव्यू के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन शुल्क :** सामान्य वर्ग, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 600 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

### आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट (**https:// www.bankofbaroda.in/**) पर लॉगइन करें। होमपेज पर 'अबाउट अस' सेक्शन में करियर्स पर जाएं। इसके बाद करंट ऑप्चुनिटीज में जाएं। यहां **Recruitment of Human Resources on fixed term engagement on contract basis for various departments** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन पर क्लिक करें। नोटिफिकेशन का पीडीएफ डाउनलोड कर इसे पढ़कर योग्यता जांच लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस आएं। एप्लाई ऑनलाइन पर क्लिक करें। रिक्रूटमेंट पेज खुल जाएगा। जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उस पद एवं विभाग का चयन करें और प्रोसीड बटन पर क्लिक करें। आवेदित पद का नाम, अपना नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और कैप्चा भरें।
- अभ्यर्थी को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलेगा। ओटीपी नंबर डालते ही रजिस्ट्रेशन का विकल्प दिखेगा। यहां जानकारियां भरें और सेव एंड नेक्स्ट पर क्लिक करें।
- लॉगइन आईडी, पासवर्ड डालकर लॉगइन करें। आवेदन पत्र खुल जाएगा। निर्देशानुसार आवेदन पत्र भरें।
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने के दौरान अभ्यर्थियों को एक लिंक प्राप्त होगा। उस लिंक पर जाकर अपनी पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड कॉपी अपलोड करना होगा। आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदन पत्र सब्मिट कर दें।

# आईडीबीआई बैंक में छह पदों पर साक्षात्कार

आईडीबीआई बैंक ने पार्ट टाइम मेडिकल ऑफिसर के छह रिक्त पदों पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये भर्तियां अनुबंध के आधार पर क्रमशः जयपुर, कोलकाता आदि स्थलों पर की जाएंगी। आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी अपनी योग्यता की जांच कर लें। विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट पर जाकर दी गईं सूचनाओं एवं दिशा-निर्देशों को जरूर पढ़ें। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 03 जुलाई 2024 तक या उससे पहले साधारण डाक द्वारा निर्धारित पते पर भेज दें।

### मेडिकल ऑफिसर, कुल पद : 06

**(जोन/ लोकेशन के आधार पर रिक्तियों का वर्णन)**

- जयपुर पद : 01
- कोलकाता पद : 01
- भुवनेश्वर पद : 01
- चंडीगढ़ पद : 01
- पटना पद : 01
- गुवाहाटी पद : 01

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ कॉलेज से एमबीबीएस/ एमडी की डिग्री हो।

- बतौर मेडिकल ऑफिसर बैंक में अनुबंध के आधार पर कार्य किया हो। जनरल प्रैक्टिशनर के तौर पर तीन से छह वर्षों का कार्यानुभव हासिल हो।

### आयु सीमा

- अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- आयु सीमा की गणना 01 जून 2024 को आधार मानकर की जाएगी। आरक्षित वर्ग को उम्र में छूट मिलेगी।

**वेतनमान :** 1000 रुपये प्रति घंटा।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर।

**नियुक्ति :** अनुबंध के आधार पर (पार्ट टाइम) पर तीन वर्ष के लिए तैनाती की जाएगी।

**आवेदन शुल्क :** देय नहीं है।

### आवेदन प्रक्रिया

- आईडीबीआई बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर (**https://www.idbibank.in/**) पर लॉगइन करें। होमपेज पर स्क्रॉल करते हुए नीचे करियर्स सेक्शन में जाएं।
- करियर्स के अंदर करंट ओपिनंग्स पर क्लिक करें। यहां **Appointment of Bank Medical Officer (Contract Basis)** नाम से भर्ती से संबंधित विज्ञापन दिखाई देगा।
- इस पर क्लिक करते ही ठीक नीचे डिटेल्ड एडवर्टाइजमेंट एंड एप्लीकेशन फॉर्मेट का विकल्प दिखाई देगा।
- इस पर क्लिक करके विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें। आवेदन करने से पूर्व इसे अच्छी तरह पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- विज्ञापन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 साइज के पेपर पर इसका प्रिंट निकाल लें।
- अपना नाम, पता, जन्म तिथि समेत अन्य व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज करें। इसके बाद एक-एक कर अपनी शैक्षणिक योग्यताओं का विवरण अंकित करें।
- आवेदन पत्र के अंत में अपना हस्ताक्षर करें। भरे हुए आवेदन पत्र को निर्धारित पते पर डाक के माध्यम से भेज दें।
- जिस लिफाफे में आवेदन डालकर भेजें, उसके ऊपर 'एप्लीकेशन फॉर द पोस्ट ऑफ बैंक मेडिकल ऑफिसर ऑन प्योरली कॉन्ट्रैक्ट बेसिस' अवश्य लिखें।
- **नोट :** आवेदन पत्र के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज/ प्रमाण पत्र की कॉपी अटैच न करें।
- अभ्यर्थियों को नियुक्ति के समय अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज सब्मिट करने होंगे।

### यहां भेजें आवेदन

- डिप्टी जरनल मैनेजर, एच आर आईडीबीआई बैंक आईडीबाई टावर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई, महाराष्ट्र, पिन- 400005

# एसएससी-सीजीएल भर्ती परीक्षा में आसान प्रश्नों को पहले हल करें

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा युवाओं के लिए प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है। हर साल लाखों उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होते हैं। इस परीक्षा को पास करने से विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों में एक प्रतिष्ठित करियर का द्वार खुल जाता है। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है, जो पहली बार आवेदन कर रहे हैं। इस बार यह परीक्षा सितंबर-अक्टूबर माह में हो सकती है। इस परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों के पास करीब दो माह से अधिक का समय है। विशाल पाठ्यक्रम और कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इस परीक्षा की तैयारी के लिए एक रणनीतिक और अनुशासित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। युक्तियों का पालन कर आप इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकते हैं।

## परीक्षा केंद्र में इन पांच बातों का विशेष ध्यान रखें

- प्रश्नपत्र हल करने से पहले पूरे प्रश्नों को अच्छी तरह से पढ़ लें, जिन प्रश्नों का जबाव आता है, उन्हें तुरंत टिक करते जाएं।
- कम समय लेने वाले सवालों को पहले हल कर लें, इसके बाद कठिन सवालों को हल करने का प्रयास करें।
- शुरुआत से ही प्रश्नों को हल करने की गति को बनाए रखें, इससे समय पर पेपर खत्म करने में मदद मिलेगी।
- अगर किसी प्रश्न का सीधा उत्तर आपको नहीं पता है तो उसे बाद के लिए चिह्नित करें और अगले प्रश्न पर जाएं।
- जल्दबाजी में कुछ सवाल छूट जाते हैं और आप उन पर ध्यान नहीं दे पाते हैं, इसलिए कुछ समय संशोधन के लिए बचाएं।

## ऐसे करें परीक्षा की तैयारी

### 1 पाठ्यक्रम की जानकारी हो

उम्मीदवार को एसएससी सीजीएल पाठ्यक्रम का ज्ञान होना चाहिए, क्योंकि परीक्षा में प्रश्नों का स्तर हर साल बदलता रहता है। आपको इस बात का अंदाजा हो जाएगा कि आप परीक्षा की तैयारी कैसे कर सकते हैं। अगर आप पाठ्यक्रम से परिचित हैं, तो आप ट्रैक से भटकेंगे नहीं। पाठ्यक्रम की मदद से उम्मीदवार महत्वपूर्ण विषयों और अध्यायों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

### 2 परीक्षा पैटर्न को समझें

परीक्षा पैटर्न को समझकर ही एसएससी सीजीएल की तैयारी शुरू करनी चाहिए। क्योंकि आपको तैयारी के दौरान किन-किन विषयों का अध्ययन करना है और उन विषयों से कितने प्रश्न पूछे जाएंगे इसकी जानकारी आपको परीक्षा पैटर्न को समझकर ही प्राप्त होगी। इसके बाद विषयों को उनके महत्व के अनुसार व्यवस्थित करें। इससे परीक्षा की तैयारी में आसानी होगी।

### 3 पाठ्यक्रम को पूरा करें

जब आप परीक्षा पैटर्न को अच्छे से समझ लेते हैं तो आपको ज्ञात हो जाता है कि किन-किन विषयों से कितने प्रश्न परीक्षा में पूछे जाएंगे। उसी आधार पर आप उन विषयों के लिए अपना समय निर्धारण करके तैयारी शुरू कर सकते हैं। कोशिश करें कि परीक्षा से पूर्व अपना पूरा सिलेबस पढ़ लें और कम से कम एक बार उसका रिवीजन भी अवश्य कर लें।

### 4 प्रश्नों के स्तर को समझें

परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के स्तर को आपको समझना होगा और उसी आधार पर परीक्षा की तैयारी करनी होगी। एसएससी सीजीएल में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर स्नातक परीक्षा के समकक्ष होता है। पाठ्यक्रम में शामिल सभी विषयों में समान रुचि लें ताकि आप परीक्षा में एक अच्छा अंक स्कोर कर सकें जो आपके अंतिम चयन के लिए काफी आवश्यक है।

### 5 समय प्रबंधन बेहद जरूरी

प्रत्येक परीक्षा में समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण होता है इसलिए उम्मीदवारों को यह सीखने की जरूरत है कि कम समय में अपनी सटीकता कैसे सुधारें। अलग-अलग उम्मीदवारों के पास समय प्रबंधन के अलग-अलग तरीके होते हैं, इसलिए यह उन पर निर्भर है कि वे अपने समय का बेहतर उपयोग कैसे करें।

### 6 योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करें

किसी भी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए आपके पास एक अच्छी रणनीति का होना आवश्यक है। आपको तैयारी के लिए जितना भी समय मिला हो उसे योजनाबद्ध तरीके से इस्तेमाल करें, ताकि आप परीक्षा से पहले अपने पाठ्यक्रम को पूरा कर सकें और रिवीजन के लिए भी आपको पर्याप्त समय मिल सके।



## परीक्षा का प्रारूप

- कंप्यूटर आधारित परीक्षा दो स्तरों टियर-1 और टियर-2 में आयोजित की जाएगी।
- टियर-1 परीक्षा कुल 200 अंकों की होगी, जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।
- परीक्षा में जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग, जनरल अवेयरनेस, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड एवं इंग्लिश कम्प्रिहेंसन से 25-25 प्रश्न होंगे।
- परीक्षा की अवधि 60 मिनट की होगी।
- प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक चौथाई अंक की कटौती की जाएगी।
- टियर-1 में सफल अभ्यर्थियों को ही टियर-2 परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

## इन पुस्तकों का अध्ययन करें

- परफेक्ट कम्पिटिटिव इंग्लिश, लेखक : वीके सिन्हा
- आब्जेक्टिव जनरल इंग्लिश, लेखक : एसपी बख्शी
- फास्ट ट्रैक ऑब्जेक्टिव अर्थमेटिक, लेखक : राजेश वर्मा
- क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, लेखक : आरएस अग्रवाल
- वर्बल एंड नान वर्बल रीजनिंग, लेखक : आरएस अग्रवाल
- ए न्यू एप्रोच टू रीजनिंग वर्बल, नान-वर्बल एंड एनालिटिकल, लेखक : बीएस सिजवाली, इंदु सिजवाली
- जनरल नॉलेज : लुसेंट पब्लिकेशन
- मनोरमा ईयर बुक, लेखक : मैममेन मैथ्यू एवं फिलिप मैथ्यू

### 7 ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें

परीक्षा की तैयारी में आप ऑनलाइन संसाधनों की मदद ले सकते हैं। जिस भी टॉपिक को समझने में आपको समस्या आ रही हो उस टॉपिक को आप यू ट्यूब पर सर्च कर सकते हैं। ध्यान रखें कि कुछ वीडियोज का मकसद सिर्फ व्यू प्राप्त करना होता है तो आप ऐसे वीडियो से दूर रहें और अपने लिए सही कंटेंट का चुनाव करें।

### 8 पिछले वर्ष के प्रश्न-पत्रों को हल करें

परीक्षा की तैयारी में विगत वर्षों के प्रश्नपत्र अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए आप इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व कम से कम पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्रों को अवश्य हल कर लें। इन प्रश्न पत्रों को हल करके आप यह समझ सकते हैं कि परीक्षा में अब तक किस तरह से प्रश्न पूछे जाते थे और उनका स्तर क्या था।

### 9 मॉक टेस्ट का भी अभ्यास करें

मॉक टेस्ट परीक्षा में सफलता की कुंजी है। मॉक टेस्ट पिछले वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का आकलन करके तैयार किया जाता है, जिन्हें हल करके आप अपनी तैयारी के स्तर को जांच सकते हैं। नियमित रूप से मॉक टेस्ट का प्रयास करके आप गति, सटीकता और समग्र तैयारी स्तर में सुधार कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह मॉक टेस्ट मजबूत और कमजोर क्षेत्रों को निर्धारित करने में मदद करता है।

### 10 निरंतरता बनाए रखना जरूरी

कई अभ्यर्थी परीक्षा की तैयारी के दौरान आने वाली कठिनाइयों या अन्य किसी कारण से अपनी पढ़ाई को रोक देते हैं। इसकी वजह से उन्हें अपनी तैयारी फिर से शुरू करनी पड़ती है। इससे उनके द्वारा की गई मेहनत और समय दोनों व्यर्थ चले जाते हैं। इसलिए परीक्षा की तैयारी के दौरान अपनी निरंतरता को बनाए रखें और पूरे लगन के साथ अध्ययन करते रहें।

## पाठ्यक्रम

**तर्क और सामान्य बुद्धि :** दृश्य स्मृति, अंतरिक्ष दृश्य, समानताएं एवं अंतर, कोडिंग-डिकोडिंग, मैट्रिक्स, शब्द निर्माण, महत्वपूर्ण सोच, आरेखन निष्कर्ष, कथन निष्कर्ष, सामाजिक बुद्धिमत्ता, संख्यात्मक संचालन, भेदभाव, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, दिनांक और शहर मिलान, अंकगणितीय तर्क, विश्लेषण, भेदभाव, समस्या समाधान, रक्त संबंध, प्रतीकात्मक संचालन, अलंकारिक वर्गीकरण।

**सामान्य जागरुकता :** करंट अफेयर्स, वैज्ञानिक अनुसंधान, भौतिकी, जीव विज्ञान, पर्यावरण, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारत और विश्व का भूगोल, भारतीय इतिहास और संस्कृति,ड्र खेल, राजनीति, रसायन शास्त्र, भारत का संविधान, पुस्तकें और लेखक, महत्वपूर्ण तिथियां, देश-विदेश में घटित होने वाली घटनाएं।

**क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड :** त्रिभुज, वृत्त, औसत, दशमलव, प्रतिशत, त्रिकोणमिति, लाभ और हानि, पूरक कोण, साधारण ब्याज, ऊंचाई और दूरी, चक्रवृद्धि ब्याज, वृत्ताकार शंकु, चतुर्भुज, प्रिज्म, पिरामिड, संख्याओं के बीच संबंध, बार डायग्राम, अनुपात और समानुपात, रैखिक ग्राफिक समीकरण, स्पर्श रेखा, ज्यामित और क्षेत्रमिति, आरेख और पाई चार्ट, आयताकार समानांतर चतुर्भुज।

**अंग्रेजी :** रीडिंग कम्प्रिहेंसन, वर्ब स्पेलिंग टेस्ट, स्पॉटिंग एरर, फिल इन द ब्लैंक्स, सेंटेंस कंप्लीशन, सफ्लिग ऑफ सेंटेंस पार्ट, सिनोनिम्स एंड एंटोनिम्स, कम्प्रिहेंसन पैसेज, वन वर्ड सब्सटीट्यूशन, स्पेलिंग डिटेक्टिंग मिस स्पेल्ट वर्ड, सेंटेंस इम्प्रूवमेंट, ईडियम्स एंड फ्राजेज, सफ्लिग ऑफ सेंटेंसेज इन ए पैसेज, एक्टिव एंड पैसिव वाइस, कंवर्सन इन टू डायरेक्ट/ इनडायरेक्ट नैरेशन।

# डिप्लोमा टेक्निशियन भर्ती की तैयारी के लिए मुख्य विषय पर फोकस करें

**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) डिप्लोमा टेक्निशियन के पदों पर भर्तियां करता है। यदि आपने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है तो आप भी डिप्लोमा टेक्निशियन बनकर एचएएल में अपना करियर संवार सकते हैं। इसके लिए लिखित परीक्षा भी देनी होती है। इसमें अभ्यर्थियों को सफल होने के लिए प्रभावी समय प्रबंधन, सटीकता और गति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होती है। इंजीनियरिंग के मुख्य विषयों (मेकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स) पर फोकस कर उम्मीदवार इस परीक्षा में सफलता हासिल कर सकते हैं।**

### पाठ्यक्रम का अवलोकन करें

किसी परीक्षा की तैयारी करने से पहले अभ्यर्थियों के लिए उस परीक्षा का पाठ्यक्रम जानना अति आवश्यक होता है, जिससे प्रश्नों के प्रकार और संख्या, प्रत्येक प्रश्न का वेटेज, अंकन योजना और अन्य प्रासंगिक विवरणों से परिचित हो सकें। इसके बाद आप तैयारी की रणनीति बनाते हैं तो सफलता की दर बढ़ जाती है। इससे आप विषय से इतर टॉपिक की पढ़ाई करने से बचेंगे और आपके समय की भी बचत होगी।

### परीक्षा पैटर्न की जानकारी हो

पाठ्यक्रम को समझने के बाद प्रश्न-पत्र के पैटर्न को समझना बहुत जरूरी होता है। इससे परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवार को अपनी तैयारी की रणनीति बनाने में बहुत मदद मिलती है। पाठ्यक्रम का कौन सा हिस्सा कितने अंक कवर करता है, इसकी जानकारी भी अभ्यर्थियों को होनी चाहिए। इससे आप यह तय कर पाएंगे कि कौन सा हिस्सा आपके लिए आसान साबित होगा और कौन सा मुश्किल है।

### अध्ययन योजना बनाएं

योजना के साथ पढ़ाई करने का मतलब है कि आप अपने हिसाब से पाठ्यक्रम और समय को देखकर योजना तैयार कर लें कि आपको कितने समय में और किस तरह से पढ़ाई करनी है। पाठ्यकम के कौन से विषय आपके अच्छे हैं, और कौन से कमजोर हैं। किस विषय पर आपको ज्यादा समय देना होगा और किसमें कम। इस तरह से सभी चीजों का ध्यान रखते हुए योजना के साथ पढ़ाई करने से परीक्षा में आपके चयनित होने की उम्मीद अधिक बढ़ जाती है।

### टाइम टेबल बनाकर पढ़ें

किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए टाइम टेबल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आप एचएएल में डिप्लोमा टेक्निशियन बनना चाहते हैं, तो इसके लिए टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना चाहिए। बेहतर तैयारी के लिए दिन में न्यूनतम छह से आठ घंटे की पढ़ाई बेहद आवश्यक है। टाइम टेबल में सभी विषयों को बराबर समय देना चाहिए। अतः इस तरह एक रुटीन बनाकर पढ़ाई करने से उम्मीदवार का पाठ्यक्रम समय से पूरा हो जाएगा।

### अपने नोट्स बनाएं

पढ़ाई के दौरान नोट्स बनाना जानकारी को बनाए रखने और परीक्षा के लिए प्रभावी ढंग से संशोधित करने का एक प्रभावी तरीका है। जिन किताबों से आप तैयारी कर रहे हैं, इसके साथ इंटरनेट या यूट्यूब से जो जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं, उनके नोट्स भी बना लें। यह आपको अध्ययन सामग्री व्यवस्थित करने, समय बचाने और महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है।

### पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल करें

परीक्षा की तैयारी का एक अच्छा तरीका यह भी है कि अभ्यर्थी पिछले वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल करें। इससे अभ्यास होगा साथ ही परीक्षा का अंदाजा हो जाता है कि किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं और किन टॉपिक से ज्यादा प्रश्न पूछे जाते हैं। कमजोर बिंदुओं और टाइम मैनेजमेंट स्किल का अंदाजा लगाने में भी मदद मिलती है। इसके अलावा प्रश्न को हल करने की गति और सटीकता में सुधार होता है।

### नियमित तौर पर रिवीजन करें

नियमित रिवीजन करते रहना परीक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एचएएल डिप्लोमा टेक्निशियन भर्ती परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उम्मीदवार को सभी महत्वपूर्ण विषयों को ठीक से दोहराना चाहिए और सभी सेक्शन में नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। परीक्षा की तैयारी के अंतिम चरण में उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे कोई भी नया विषय चुनने से बचें, क्योंकि इससे भ्रम और तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है।

### मॉक टेस्ट का अभ्यास करें

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे अच्छे तरीकों में से एक मॉक टेस्ट का अभ्यास करना है। मॉक टेस्ट आपको परीक्षा पैटर्न, पूछे गए प्रश्नों के प्रकार और परीक्षा को निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए आवश्यक समय प्रबंधन कौशल को समझने में मदद करते हैं। परीक्षा से पहले के दिनों में जितना संभव हो सके अभ्यर्थी को उतने मॉक टेस्ट का अभ्यास करते रहना चाहिए।

### टाइम मैनेजमेंट बेहद जरूरी

किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए समय प्रबंधन एक महत्वपूर्ण पहलू है। निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नों को हल करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। इससे आपको परीक्षा के दौरान अपना समय बेहतर ढंग से प्रबंधित करने, अपनी गति और सटीकता में सुधार करने और परीक्षा की चिंता को कम करने में मदद मिलती है।

### यूट्यूब का सहारा लें

यह इंटरनेट का दौर है। वर्तमान समय में इंटरनेट पर हजारों किताबें, पेपर, मॉक टेस्ट उपलब्ध हैं। इसके साथ ही इंटरनेट के जरिए करंट अफेयर्स और रीजनिंग की तैयारी भी कर सकते हैं। यूट्यूब पर विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध करवाए गए वीडियोज देखकर भी अपनी तैयारी कर सकते हैं। यूट्यूब पर इस समय परीक्षा की तैयारी के लिए काफी कम रुपयों में कोर्स भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसमें विशेषज्ञ लाइव क्लास भी लेते हैं।



### ये टिप्स भी अपनाएं

- परीक्षा के दौरान शांत और संयमित रहना बेहद महत्वपूर्ण है। घबराहट और चिंता से बचना चाहिए। गहरी सांसें लें और आराम करने की कोशिश करें।
- रात में भरपूर नींद और दिन में पर्याप्त आहार अवश्य लें। इसके जरिए आप सदैव स्वस्थ महसूस करेंगे, जो आपकी तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।
- अगर पढ़ने में मन न लग रहा हो, तो जबरदस्ती पढ़ाई न करें। बीच-बीच में संगीत सुनकर या फिल्म देखकर भी अपने आपको तरोताजा रख सकते हैं।
- परीक्षा की तैयारी के समय सोशल मीडिया से जितना हो सके दूर रहें।

### इन पुस्तकों का अध्ययन करें

सामान्य ज्ञान 2024, लेखक : मनोहर पांडे
मनोरमा इयर बुक 2024, लेखक : मैथ्यू मैममेन
ए मॉर्डन एप्रोच टू वर्बल एंड नॉनवर्बल रीजनिंग, लेखक : आरएस अग्रवाल
ए न्यू एप्रोच टू रीजनिंग, लेखक : बीएस सिजवाली एवं इंदु सिजवाली
इंग्लिश ग्रामर एंड कम्पोजिशन, लेखक : व्रेन एंड मार्टिन
ऑब्जेक्टिव जनरल इंग्लिश, लेखक : आरएस अग्रवाल
प्रिंसिपल ऑफ इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग, लेखक : वीके मेहता
द टेक्स्ट बुक ऑफ मेकेनिकल इंजीनियरिंग, लेखक : सजल कुमार घोष
बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, लेखक : एसके जैन

### परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा 160 अंकों की होगी, जिसमें 160 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- सामान्य जागरुकता से 20 प्रश्न, अंग्रेजी एवं रीजनिंग से 40 प्रश्न, संबंधित अनुशासन/ट्रेड से 100 प्रश्न होंगे।
- परीक्षा की अवधि ढाई घंटा निर्धारित की गई है। इस परीक्षा में गलत उत्तर देने पर किसी तरह का कोई नकारात्मक अंक नहीं है।

### चयन प्रक्रिया

- लिखित परीक्षा/ दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के आधार पर चयन किया जाएगा।

### पाठ्यक्रम

**सामान्य जागरुकता :** भारतीय संविधान, भारतीय इतिहास, भारत एवं विश्व का भूगोल, भारतीय राजव्यवस्था, कला एवं संस्कृति, महत्वपूर्ण वित्तीय और आर्थिक समाचार, बजट और पंचवर्षीय योजनाएं, विज्ञान-आविष्कार और खोज, पुस्तकें, खेल, पुरस्कार और सम्मान, महत्वपूर्ण दिन, करंट अफेयर्स (राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय), विज्ञान प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर ज्ञान।

**तार्किक तर्क :** समानताएं और अंतर, निर्णय लेना, भेदभाव, अंतरिक्ष दृश्य, अवलोकन, समस्या को सुलझाना, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, आकृति वर्गीकरण, संबंध अवधारणाएं, अंकगणितीय तर्क, अंकगणितीय संख्या शृंखला, अशाब्दिक शृंखला, स्थानिक दृश्यावलोकन, कोडिंग एवं डिकोडिंग, कथन एवं निष्कर्ष, कारण एवं प्रभाव।

**अंग्रेजी :** वोकैबलरी, फिल इन द ब्लैंक्स, ग्रामर, टेंसेस, स्पाट एरर, एंटोनिम्स, सिनोनिम्स, सेंटेंस स्ट्रक्चर, सेंटेंस रिअरेजमेंट, अनसीन पैसेजेस, स्पेलिंग्स, डिटेक्टिंग मिस स्पेल्ट वर्ड्स, वन वर्ड सब्सटीट्यूशंस, इडियम्स एंड फ्राजेज, इम्प्रूवमेंट, पैसेज, वर्बल कम्प्रिहेंसन पैसेज, वर्ब, एडवर्ब, एडजेक्टिव्स, क्लासेस, सब्जेक्ट-वर्ब एग्रीमेंट, आर्टिकल्स।

**मेकेनिकल इंजीनियरिंग :** मशीनों का सिद्धांत, मशीन डिजाइन, ऊष्मप्रवैगिकी, ऊष्मा और द्रव्यमान स्थानांतरण, द्रव यांत्रिकी, सामग्री की ताकत, टर्बोमशीनरी, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, उत्पादन प्रक्रियाएं, औद्योगिक इंजीनियरिंग, प्रशीतन एवं वातानुकूलन, इंजीनियरिंग गणित, द्रव यांत्रिकी एवं थर्मल विज्ञान।

**इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग :** बुनियादी अवधारणाएं, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स माप, नियंत्रण प्रणाली, पावर सिस्टम्स, नेटवर्क सिद्धांत, इंटरनेट, सिग्नल एवं सिस्टम, डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, प्रकाशित तंतु, इंजीनियरिंग गणित, विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र, विद्युत मशीनें।

**इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग :** बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, एनालॉग और डिजिटल संचार प्रणालियां, इलेक्ट्रो मैग्नेटिक्स, कंप्यूटर संगठन एवं वास्तुकला, पदार्थ विज्ञान, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स विषय, नियंत्रण प्रणाली, इंजीनियरिंग गणित, नेटवर्क, सिग्नल और सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, एनालॉग सर्किट, डिजिटल सर्किट, नियंत्रण प्रणाली।

# इंजीनियर ट्रेनी के 435 पदों पर भर्तियां

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) में इंजीनियर ट्रेनी के 435 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। यह भर्ती विज्ञापन इंजीनियर ट्रेनी के पदों पर गेट 2024 के माध्यम से भर्ती संबंधित विज्ञापन Ref. No: CC/08/2023 dtd 26.09.2023 की ही अगली कड़ी है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी पीजीसीआईएल की वेबसाइट पर जाकर विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व अपनी पात्रता अवश्य सुनिश्चित कर लें। आवेदकों के पास 04 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर है। अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां यहां दी जा रही हैं...

### पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल)

**ध्यान दें**

**435 पद**

- आवेदन शुल्क : 500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग एवं दिव्यांग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 04 जुलाई 2024
- आधिकारिक वेबसाइट : https://www.powergrid.in
- ई-मेल आईडी : powergrid.pr@powergrid.in

**इंजीनियर ट्रेनी, कुल पद : 435 (अनारक्षित 192)**

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों का ब्योरा)**

| | |
|---|---|
| ■ इलेक्ट्रिकल | पद : 331 |
| ■ सिविल | पद : 53 |
| ■ कंप्यूटर साइंस | पद : 37 |
| ■ इलेक्ट्रॉनिक्स | पद : 14 |

### योग्यता

■ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल/इलेक्ट्रिकल/कंप्यूटर साइंस एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में बीई/बीटेक/बीएससी की डिग्री हो।
■ इसके साथ ही गेट 2024 में वैध स्कोर प्राप्त हो।

### आयु सीमा

- अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष से कम होनी चाहिए।
- आयु सीमा की गणना 31 दिसंबर 2023 को आधार मानकर की जाएगी।
- ऊपरी आयु सीमा में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

### वेतनमान

- **प्रशिक्षण के दौरान :** 40,000 से 1,40,000 रुपये।
- **प्रशिक्षण के बाद :** 50,000 से 1,60,000 रुपये।

### चयन प्रक्रिया

- गेट 2024 में प्राप्त अंकों/ साक्षात्कार/ ग्रुप डिस्कशन के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।
- गेट 2024 के कॉरेस्पॉन्डिंग पेपर (इलेक्ट्रिकल/ सिविल/ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/ कंप्यूटर साइंस) में प्राप्त अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/ ग्रुप डिस्कशन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
- साक्षात्कार/ग्रुप डिस्कशन का माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा होगी। साक्षात्कार में क्वालिफाई करने के लिए न्यूनतम 40% अंक लाना अनिवार्य होगा।
- ग्रुप डिस्कशन के लिए कोई क्वालिफाइंग मार्क्स निर्धारित नहीं हैं। साक्षात्कार के समय वैध फोटो पहचान पत्र एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

**प्रशिक्षण अवधि**

- चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- 500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ यूपीआई/ नेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले पीजीसीआईएल की आधिकारिक वेबसाइट (www.powergrid.in) पर लॉग इन करें। होमपेज पर दिए गए करियर्स के अंदर जॉब ऑपर्चुनिटीज सेक्शन में जाएं और ओपनिंग्स पर क्लिक करें।
- यहां भर्ती से संबंधित कई विज्ञापन दिए गए हैं। इनमें से Recruitment of Engineer Trainees-2024 through GATE 2024 Advt No. CC/08/2023 dated 26.09.2023 पर जाएं।
- विज्ञापन के नीचे दिए गए वैकेंसी नोटिफिकेशन पर क्लिक करके विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें। पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं अन्य आवेदन संबंधी अन्य जानकारियों के लिए डिटेल्ड एडवर्टाइजमेंट के विकल्प पर क्लिक करें। इसे सावधानीपूर्वक पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- अब पिछले पेज पर वापस आएं। क्लिक हियर टू रजिस्टर/लॉगइन एंड अप्लाई पर क्लिक कर दें। खुलने वाले पेज पर न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन का पेज खुल जाएगा। मांगी गई जानकारियां दर्ज करें और कैप्चा भरकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर लें।
- आवेदन करने के लिए ईमेल/मोबाइल नंबर डालकर और कैप्चा भरकर लॉगइन करें। लॉगइन करते ही आवेदन पत्र खुल जाएगा। ऑनलाइल एप्लीकेशन फॉर्म में गेट रजिस्ट्रेशन नंबर भी दर्ज करना होगा। इसके साथ ही अन्य जानकारियों को भी सावधानीपूर्वक भरें।
- अपनी नवीनतम रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड कॉपी जेपीजी प्रारूप में अपलोड करें। जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज भी अपलोड करें।
- निर्देशानुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करें। भुगतान करने के बाद ही आवेदन प्रक्रिया पूरी समझी जाएगी। भरे हुए आवेदन पत्र का एक प्रिंट निकालकर भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

# एडसिल में कंसल्टेंट के नौ पदों पर अवसर

इंटरनेशनल को-ऑपरेशन सेल, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की ओर से एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (एडसिल) ने कंसल्टेंट एवं सीनियर कंसल्टेंट के नौ पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अभ्यर्थियों को अपना आवेदन 03 जुलाई 2024 तक ई-मेल से भेजना होगा।

**सीनियर कंसल्टेंट (रिसर्च एंड डॉक्यूमेंटेशन), पद : 04**

**वेतनमान (एकमुश्त) :** 1,00,000 से 1,20,000 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिए।

**कंसल्टेंट(प्रोटोकॉल,लॉजिस्टिक्स,को-ऑर्डिनेशन),पद:05**

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए):** स्नातकोत्तर डिग्री/ एमफिल हो। हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का ज्ञान हो। कंप्यूटर/ इंटरनेट ब्राउजिंग/ डिजिटल कम्युनिकेशन की जानकारी हो।
■ संबंधित क्षेत्र में पदानुसार तीन से पांच वर्ष का अनुभव हो।
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।
■ आयु की गणना 31 मार्च 2024 के आधार पर होगी।
**वेतनमान (एकमुश्त) :** 85,000 से 90,000 रुपये।
**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/ ग्रुप डिस्कशन/ साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों का चयन होगा।
**नियुक्ति :** अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए होगी।
**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई का शुल्क देय नहीं।

### आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट (www.edcilindia.co.in) पर लॉग इन करें। होमपेज पर करियर के 'करियर्स एट एडसिल' पर क्लिक करें। स्क्रॉल करते हुए रिक्रूटमेंट फॉर टीएसजी प्रोजेक्ट्स के अंदर रिक्रूटमेंट के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए पेज पर भर्ती से संबंधित विज्ञापन दिखाई देगा। इस पर क्लिक करके विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें। अब इसे अच्छी तरह पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- विज्ञापन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट निकालकर भर लें।
- भरे हुए आवेदन पत्र को इस मेल आईडी पर (tsgrecruitment@edcil.co.in) पर भेज दें।

# सेक्शन ऑफिसर समेत 17 पद खाली

द सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, दिल्ली ने (इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड एन्साइक्लोपीडिया डिक्शनरी ऑफ संस्कृत सेंटर, सीएसयू, डेक्कन कॉलेज, पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, यरवदा, पुणे) विभिन्न एकेडमिक एवं एडमिनिस्ट्रेटिव के 17 रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है। विस्तृत विज्ञापन इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 08 जुलाई 2024 है।

**एकेडमिक एवं एडमिनिस्ट्रेटिव, कुल पद : 17**

**(विभाग के अनुसार रिक्तियां)**

**असिस्टेंट प्रोफेसर (सब एडिटर), पद : 12**

**योग्यता :** संस्कृत में स्नातकोत्तर डिग्री या उसके समकक्ष योग्यता हो। नेट/पीएचडी डिग्री हो।
**वेतनमान :** 57700 से 182400 रुपये।

**रिसर्च असिस्टेंट (एडिटोरियल असिस्टेंट), पद : 04**

**योग्यता :** आचार्य में न्यूनतम 55% अंक प्राप्त हो या संस्कृत में स्नातकोत्तर डिग्री या उसके समकक्ष योग्यता हो। साथ ही संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का ज्ञान हो। प्रूफ रीडिंग का अनुभव हो एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन की जानकारी होनी चाहिए।
**वेतनमान :** 35,400 से 1,12,400 रुपये।
**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पद) :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

**सेक्शन ऑफिसर (सेक्रेटरी), पद : 01**

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री एवं संबंधित क्षेत्र में तीन वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो। कंप्यूटर ऑपरेशन, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग में कुशल हो।
**वेतनमान :** 44900 से 142400 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम आयु 35 वर्ष से कम हो।
**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार/ प्रेजेंटेशन/ दस्तावेज सत्यापन के आधार पर चयन होगा।

### आवेदन शुल्क

- 2,000 रुपये। एससी/एसटी वर्ग एवं दिव्यांगों के लिए 1,000 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- आधिकारिक वेबसाइट (www.sanskrit.nic.in/) पर लॉगइन करें। होमपेज पर रिक्रूटमेंट सेक्शन में जाएं। यहां Notification of Vacancy for Recruitment for IKS - EDS Centre Of Central Sanskrit University Established at Deccan College, Post Graduate and Research Institute (Du) Pune (Maharashtra) नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिया गया है। इस पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर नोटिफिकेशन पर क्लिक करके इसकी पीडीएफ डाउनलोड कर लें। अब इसे पढ़कर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें।
- दिए गए लिंक (https://www.dcpune.ac.in/News.aspx) के माध्यम से आवेदन पत्र भरें। निर्देश के अनुसार आवेदन पत्र भरें और सब्मिट कर दें। आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

# नेवल डॉकयार्ड में सात पदों पर रिक्तियां

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में स्टेनोग्राफर ग्रेड-II समेत सात पदों पर भर्ती के लिए दसवीं एवं बारहवीं पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेज 05 जुलाई 2024 तक निर्धारित पते पर केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना होगा।

**सीनियर स्टोरकीपर, पद : 02**

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास या समकक्ष योग्यता हो। मटेरियल मैनेजमेंट में सर्टिफिकेट प्राप्त हो।
■ संबंधित क्षेत्र में दो वर्षों का कार्यानुभव हासिल हो।

**स्टेनोग्राफर ग्रेड-II, पद : 01**

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास या समकक्ष योग्यता हो। डिक्टेशन एवं ट्रांसक्रिप्शन में अनिवार्य स्पीड होनी चाहिए।
**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पद) :** 18 से 27 वर्ष के बीच हो।
**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पद) :** 25500 से 81100 रुपये।

**मल्टी टास्किंग स्टाफ (ऑफिस), पद : 03**

**मल्टी टास्किंग स्टाफ (सैनिटरी), पद : 01**

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास या समकक्ष योग्यता हो।
**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पद) :** 18000 से 56900 रुपये।
**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पद) :** 18 से 25 वर्ष के बीच हो।
- आयु की गणना 05 जुलाई 2024 के आधार पर होगी।
- ऊपरी आयु में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष एवं दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट होगी।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/स्किल टेस्ट के आधार पर।
**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

### आवेदन प्रक्रिया

- आधिकारिक वेबसाइट (www.dgqadefence.gov.in) पर लॉगइन करें। होमपेज पर इम्प्लॉय कॉर्नर के अंदर रिक्रूटमेंट सेक्शन में जाएं। यहां Department of Defence Production/ Directorate General of Quality Assurance Chief Quality Assurance Establishment (Naval Stores) DQAN Complex, 8th Floor, Naval Dockyard, Tiger Gate Mumbai - 400023 849.18 KB नाम से नोटिफिकेशन दिखाई देगा।
- नोटिफिकेशन पर क्लिक नोटिफिकेशन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें। इसे पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 साइज के पेपर पर इसका प्रिंट निकाल लें। अब आवेदन पत्र भरकर अंत में अपना हस्ताक्षर करें।
- भरे हुए आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ एवं अन्य दस्तावेजों की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी लिफाफे में डालकर रजिस्टर्ड/ स्पीड पोस्ट से निर्धारित पते पर भेज दें। लिफाफे पर पद नाम एवं कैटिगरी अवश्य लिखें।

**यहां भेजें आवेदन**

चीफ क्वालिटी एश्योरेंस इस्टैब्लिशमेंट (नेवल स्टोर्स), डीक्यूएएन कॉम्प्लेक्स, आठवीं मंजिल, नेवल डॉकयार्ड, टाइगर गेट, मुंबई-400023

# एग्जिक्यूटिव ट्रेनी के 176 पद रिक्त

विद्युत मंत्रालय के अधीन संचालित होने वाले दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अभ्यर्थियों से एग्जिक्यूटिव ट्रेनी के 176 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 07 जुलाई 2024 है।

## दामोदर घाटी निगम (डीवीसी)

**ध्यान दें**
**176 पद**

- आवेदन शुल्क : सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग, ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 300 रुपये देय होगा। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 07 जुलाई 2024
- आधिकारिक वेबसाइट : www.dvc.gov.in
- हेल्पलाइन नंबर : 033-6607 2539

### मेकेनिकल, पद : 59

(वर्गों के अनुसार रिक्तियां)

- सामान्य पद : 23
- ओबीसी (एनसीएल) पद : 16
- एससी पद : 11
- एसटी पद : 03
- ईडब्ल्यूएस पद : 06

### इलेक्ट्रिकल, पद : 58

(वर्गों के अनुसार रिक्तियां)

- सामान्य पद : 22
- ओबीसी (एनसीएल) पद : 15
- एससी पद : 08
- एसटी पद : 05
- ईडब्ल्यूएस पद : 08

### कम्युनिकेशन एंड इंस्ट्रूमेंटेशन, पद : 15

(वर्गों के अनुसार रिक्तियां)

- सामान्य पद : 03
- ओबीसी (एनसीएल) पद : 05
- एससी पद : 04
- एसटी पद : 01
- ईडब्ल्यूएस पद : 02

### सिविल, पद : 39

(वर्गों के अनुसार रिक्तियां)

- सामान्य पद : 15
- ओबीसी (एनसीएल) पद : 10
- एससी पद : 05
- एसटी पद : 03
- ईडब्ल्यूएस पद : 06

### कम्युनिकेशन, पद : 02

(वर्गों के अनुसार रिक्तियां)

- ओबीसी (एनसीएल) पद : 01
- एससी पद : 01

### आईटी, पद : 03

(वर्गों के अनुसार रिक्तियां)

- ओबीसी (एनसीएल) पद : 01
- एससी पद : 01
- ईडब्ल्यूएस पद : 01

### केमिकल, पद : 02

- सामान्य, पद : 02

**योग्यता :** संबंधित विषय में बीई/ बीटेक की डिग्री हो।

- सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग, ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी के न्यूनतम 65 फीसदी अंक हो। एससी/ एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए 60 फीसदी अंक अनिवार्य है।
- ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट 2023 का स्कोर कार्ड होना चाहिए।

**वेतनमान:** 56,100 रुपये से 1,77,500 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 29 वर्ष होनी चाहिए।

- अधिकतम आयु में ओबीसी को तीन वर्ष, एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट होगी।

### चयन प्रक्रिया

- गेट 2023 में प्राप्त अंकों, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल टेस्ट के आधार पर चयन किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग, ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 300 रुपये देय होगा। एससी/ एसटी वर्ग एवं दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट (https://www.dvc.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर 'करियर' के अंदर रिक्रूटमेंट' पर क्लिक करने पर 'रिक्रूटमेंट नोटिसेस' का विकल्प दिखाई देगा।
- इस पर क्लिक करने पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखेंगे। इनमें से **'Advertisement for recruitment of Executive Trainee (ETs) through GATE 2023 in DVC.'** नाम से नोटिफिकेशन पर क्लिक कर विज्ञापन डाउनलोड कर लें। अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस जाएं। विज्ञापन के नीचे 'क्लिक हियर टू अप्लाई' पर क्लिक करें। नए पेज पर 'कैंडिडेट पैनल' में 'न्यू रजिस्ट्रेशन' पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। मांगी गईं जानकारियां दर्ज करें। कैप्चा भरकर 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर दें। आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।
- पिछले पेज पर जाएं। 'यूजर लॉगइन' में अपना एप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड दर्ज करें। सिक्योरिटी कोड दर्ज कर 'लॉगइन' पर क्लिक कर दें। आवेदन-पत्र खुल जाएगा। इसमें मांगी गईं जानकारियां दर्ज करें। संबंधित दस्तावेजों की स्कैन कॉपी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड करें।
- आवेदन शुल्क का भुगतान करें और उसके रसीद की स्कैन कॉपी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड कर दें।
- अंत में 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर दें। आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसका एक प्रिंट निकालकर अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

# बिजली कंपनी में अप्रेंटिस के 75 पदों पर मौके

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीटीसीएल) ने ग्रेजुएट एवं टेक्निशियन अप्रेंटिस के 75 पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी कर पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी को नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम (एनएटीएस) के पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। साथ ही भरा हुआ आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों को डाक के माध्यम से या सीधे ही निर्धारित पते पर भेजना होगा। डाक से आवेदन स्वीकार होने की अंतिम तिथि 19 जुलाई 2024 है। विस्तृत जानकारी यहां दी जा रही है...

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीटीसीएल)

**ध्यान दें**
**75 पद**

- आवेदन शुल्क : किसी भी वर्ग के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।
- डाक से आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि : 19 जुलाई 2024
- अप्रेंटिसशिप की अवधि : एक वर्ष
- आधिकारिक वेबसाइट : https://cspdcl.co.in
- हेल्पलाइन नंबर : 011-2337

### अप्रेंटिस, कुल पद : 75 (अनारक्षित 32)

(स्ट्रीम के अनुसार रिक्तयां)

### ग्रेजुएट अप्रेंटिस (टेक्निकल स्ट्रीम), पद : 35

- इलेक्ट्रिकल/ ईईई इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस, पद : 30
- सिविल इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस, पद : 05

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित संकाय में स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए।

### ग्रेजुएट अप्रेंटिस (जनरल स्ट्रीम), पद : 25

**योग्यता :** विज्ञान विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की हो।
**स्टाइपेंड (उपरोक्त पदों के लिए) :** 9000 रुपये प्रतिमाह।

### टेक्निशियन अप्रेंटिस, पद : 15

- इलेक्ट्रिकल/ईईई इंजीनियरिंग डिप्लोमा अप्रेंटिस, पद : 10
- सिविल इंजीनियरिंग डिप्लोमा अप्रेंटिस, पद : 05

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित संकाय में डिप्लोमा उत्तीर्ण हो।
**स्टाइपेंड :** 8000 रुपये प्रतिमाह देय।
**आयु सीमा :** संस्थान द्वारा तय की जाएगी।

### चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।

**अप्रेंटिसशिप की अवधि :** एक वर्ष होगी।
**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।

### आवेदन प्रक्रिया

- सीएसपीटीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट **(https://cspdcl.co.in/cseb/)** पर लॉगइन करें। होमपेज पर रिक्रूटमेंट सेक्शन में जाएं। यहां **One Year Apprenticeship in CSPTCL for Year 2023-24 (Last Date To Apply 19-July-2024)** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिया गया है।
- नोटिफिकेशन पर क्लिक करें और इसका पीडीएफ डाउनलोड कर लें। अभ्यर्थियों को नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम (एनएटीएस) पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में रजिस्ट्रेशन नंबर अनिवार्य तौर पर भरना होगा।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 साइज के पेपर पर इसका प्रिंट निकाल लें। आवेदन पत्र में सबसे ऊपर दाईं ओर अपना पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं। रजिस्ट्रेशन नंबर लिखें। व्यक्तिगत जानकारियां एवं शैक्षणिक योग्यताएं दर्ज करें।
- आवेदन-पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- अंत में अपना हस्ताक्षर करें। आवेदन पत्र को निर्धारित पते पर डाक या सीधे भेज दें।

### यहां भेजें आवेदन

- कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, मुख्यालय कैंपस, डंगनियारायपुर, छत्तीसगढ़, पिन : 492013

# नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज में 19 पदों पर साक्षात्कार

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अधीन संचालित होने वाले नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज (एनएएल) ने 19 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत अनुबंध के आधार पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसकी विज्ञापन संख्या-05/2024 है। अभ्यर्थी प्रोजेक्ट स्टाफ के पीएम-2, पीएम-2 (नेट/ गेट), एसपीए पद के लिए ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए 04 जुलाई 2024 को संस्थान के तय पते पर पहुंचना है।

### प्रोजेक्ट एसोसिएट (पीए)-2, पद : 15

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एयरोस्पेस/ मेकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/ थर्मल/ एयरोडायनेमिक्स/ सीएफडी/ प्रपल्शन ब्रांच से बीई/ बीटेक/ एमई/ एमटेक की डिग्री होनी चाहिए।

- पद से संबंधित दो वर्ष का कार्यानुभव हो।

**वेतनमान :** 28,000 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।

### प्रोजेक्ट एसोसिएट-2 (नेट/ गेट), पद : 03

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एयरोस्पेस/ एयरोनॉटिकल/ मेकेनिकल ब्रांच से बीई/ बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

- पद से संबंधित कार्य में दो वर्ष का अनुभव हो।

**वेतनमान :** 35,000 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।

### सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट (एसपीए), पद : 01

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से मेकेनिकल ब्रांच से बीई/ बीटेक किया हो।

- साथ ही चार वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** 42,000 रुपये।
आयु सीमा : अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

### चयन प्रक्रिया

- साक्षात्कार के आधार अभ्यर्थी का चयन पर किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी के लिए शुल्क देय नहीं है।

### आवेदन प्रक्रिया

- अभ्यर्थी सबसे पहले संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.nal.res.in)** पर जाएं। इसके होमपेज पर 'लेटेस्ट अपडेट्स' सेक्शन में जाएं। यहां कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे।
- इनमें से 'वॉक-इन इंटरव्यू फॉर प्रोजेक्ट स्टाफ, एडवर्टाइजमेंट नंबर 05/2024' पर क्लिक करें।
- नये पेज पर संबंधित नोटिफिकेशन का भाग दिखेगा। उसके ठीक नीचे वॉक-इन-इंटरव्यू फॉर प्रोजेक्ट स्टाफ, एडवर्टाइजमेंट नंबर 05/ 2024 पर क्लिक करें। नए पेज पर पूरा नोटिफिकेशन खुल जाएगा। इसकी पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें।
- अब इसे अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें। विज्ञापन में ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। इसका एक प्रिंट निकाल लें।
- अब आवेदन पत्र में नाम, पद नाम सहित व्यक्तिगत जानकारी और शैक्षिक योग्यता का विवरण भरकर निर्धारित स्थान पर फोटो चिपका दें और अंत में हस्ताक्षर कर दें।
- अब भरे हुए आवेदन पत्र और संबंधित दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित कॉपी के साथ तय तिथि एवं पते पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो जाएं।

### संस्थान का पता :

- सीएसआईआर-एनएएल (आरएबी मीटिंग कॉम्प्लेक्स, नेशनल एयरोस्पेस लैबोरिट्रीज (एनएएल)), एसबीआई से सटे, एनएएल ब्रांच, कोडिहल्ली, बेंगलुरु - 560017

### अधिक जानकारी यहां

- **हेल्पलाइन नंबर :** 080-25086078
- **हेल्पलाइन ईमेल :** recruitment@nal.res.in

# ट्रेड अप्रेंटिस के 518 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

भारत सरकार के उपक्रम माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई ने ट्रेड अप्रेंटिस के 518 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित अभ्यर्थी को संस्थान द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 02 जुलाई 2024 है।

**ग्रुप-ए (10वीं उत्तीर्ण), पद : 218 (सामान्य-97)**

**(ट्रेड के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**
- ड्राफ्ट्समैन (मेकेनिकल) पद : 21
- इलेक्ट्रिशियन पद : 32
- फिटर पद : 53
- पाइप फिटर पद : 55
- स्ट्रक्चरल फिटर पद : 57

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से सामान्य विज्ञान और गणित विषयों के साथ दसवीं पास हो।
**स्टाइपेंड :** 3,000 रुपये से लेकर 6,600 रुपये।
**प्रशिक्षण अवधि :** दो वर्ष।
**आयु सीमा :** न्यूनतम 15 और अधिकतम 19 वर्ष से कम हो।

**ग्रुप-बी,(आईटीआई उत्तीर्ण) पद : 240 (सामान्य-116)**

**(ट्रेड के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**
- फिटर स्ट्रक्चरल पद : 50
- ड्राफ्ट्समैन (मेकेनिकल) पद : 15
- इलेक्ट्रिशियन पद :25
- इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस (आईसीटीएसएम) पद : 20
- इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक पद : 30
- रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग (आरएसी) पद : 10

**स्टाइपेंड (उपरोक्त छह ट्रेड के लिए) :** 8,050 रुपये।
- पाइप फिटर पद : 20
- वेल्डर पद : 25
- कंप्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट पद : 15
- कारपेंटर पद : 30

**स्टाइपेंड (उपरोक्त चार ट्रेड के लिए ) :** 7,700 रुपये।
**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण किया हो। फिटर ट्रेड से उत्तीर्ण अभ्यर्थी फिटर स्ट्रक्चरल के लिए आवेदन करेंगे।

**माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड**

**ध्यान दें**
518 पद
- आवेदन शुल्क : 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 02 जुलाई 2024
- वेबसाइट : https://mazagondock.in
- फोन नंबर : 011-24368925/24368926 022 23764151
- हेल्पलाइन नंबर : 022 23764151

**प्रशिक्षण अवधि :** 01 वर्ष
**आयु सीमा :** न्यूनतम 16 और अधिकतम 21 वर्ष से कम हो।

**ग्रुप-सी (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण), पद : 60 (सामान्य-28)**

**(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)**
- वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) पद : 30

**प्रशिक्षण अवधि :** एक वर्ष तीन महीने।
- रिगर पद : 30

**प्रशिक्षण अवधि :** दो वर्ष।
**योग्यता (उपरोक्त दोनों ट्रेड के लिए) :** विज्ञान और गणित विषय के साथ आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो।
**स्टाइपेंड (उपरोक्त दोनों ट्रेड के लिए) :** 2,500 रुपये से लेकर 5,500 रुपये।
**आयु सीमा (दोनों ट्रेड के लिए) :** न्यूनतम आयु 14वर्ष एवं अधिकतम18 वर्ष से कम हो।

## आयु सीमा में छूट
- अधिकतम आयु सीमा में एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।
- अभ्यर्थी की आयु की गणना 01 अक्टूबर 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया
- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल टेस्ट के आधार अभ्यर्थियों का चयन होगा।

## परीक्षा का प्रारूप
**ग्रुप-ए के तहत भर्ती के लिए (10वीं कक्षा उत्तीर्ण) :**
- लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसके लिए दो घंटे का समय निर्धारित है।
- प्रश्न पत्र चार भागों में बंटा होगा। प्रत्येक भाग में बहुविकल्पीय 25-25 सवाल होंगे।
- अंग्रेजी,जनरल नॉलेज, फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स विषयों से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे।

**ग्रुप-बी (आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी के लिए) :**
- लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसके लिए दो घंटे का समय निर्धारित है।
- प्रश्न पत्र चार भागों में बंटा होगा। प्रत्येक भाग में बहुविकल्पीय 25-25 सवाल होंगे।
- परीक्षा में अंग्रेजी,जनरल नॉलेज, फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स विषयों से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे।

**ग्रुप-सी (आठवीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी के लिए) :**
- लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसके लिए दो घंटे का समय निर्धारित है।
- प्रश्न पत्र चार भागों में बंटा होगा। प्रत्येक भाग में बहुविकल्पीय 25-25 सवाल होंगे।
- अंग्रेजी, जनरल नॉलेज, फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स से संबंधित सवालों के जवाब देने होंगे।

**परीक्षा केंद्र :** मुंबई, ठाणे, पुणे, औरंगाबाद, नागरपुर, लातूर, कोल्हापुर, नाशिक।

## आवेदन शुल्क
- सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग, ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया
- एनएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण (**www.apprenticeshipindia.gov.in**) करें। इसके होमपेज पर सामने ही दाईं ओर 'लॉगइन/ रजिस्टर' का विकल्प दिखाई देगा। इसके अंदर कई विकल्प दिए गए हैं। इसमें पहले नंबर पर 'कैंडिडेट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- अब नए वेबपेज पर सामने ही 'लॉगइन एज-ए कैंडिडेट' और 'रजिस्टर एज-ए कैंडिटेंड' नाम से दो विकल्प दिखाई देंगे। रजिस्ट्रेशन करने के लिए 'रजिस्टर एज-ए कैंडिटेंट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- रजिस्ट्रेशन में मांगी गई जानकारी भर दें और कैप्चा भरकर सब्मिट कर दें। इसके साथ ही एनएपीएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। अब संस्थान की वेबसाइट (**https://mazagondock.in**) पर जाएं। होमपेज पर 'करियर्स' पर क्लिक करने पर चार विकल्प दिखाई देंगे। इनमें से 'करियर अप्रेंटिस' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर भर्ती से संबंधित क्रमांक संख्या-1 में **'MDLATS/01/2024 - Selection of Trade Apprentices, Batch 2024 : Rules & Regulation related to ...** नाम से नोटिफिकेशन दिया गया है। इसके सामने 'क्लिक हियर फॉर मोर डिटेल्स' पर क्लिक करें। भर्ती का विज्ञापन खुल जाएगा। आवेदन करने के लिए होमपेज पर जाएं। 'करियर्स' सेक्शन में 'ऑनलाइन रिक्रूटमेंट' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'अप्रेंटिस' के विकल्प पर क्लिक करें। इंपॉर्टेंट लिंक्स में 'क्रिएट न्यू अकाउंट' पर क्लिक करें। पंजीकरण/ रजिस्ट्रेशन के नीचे रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। मांगी गईं जानकारियां दर्ज करें। वेरिफिकेशन कोड में कैप्चा भरकर 'सब्मिट' पर क्लिक कर दें।
- पिछले पेज पर वापस जाएं। 'लॉगइन' के नीचे अपना यूजर नेम, पासवर्ड दर्ज करें और वेरिफिकेशन कोड दर्ज कर 'लॉगइन' पर क्लिक कर दें। आवेदन पत्र खुल जाएगा। सभी जानकारियां दर्ज करें और संबंधित दस्तावेजों एवं भुगतान के रसीद की स्कैन कॉपी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड करें। स्कैन कॉपी भी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड करना होगा। 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

# बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड में जूनियर ऑफिसर के 14 पद भरे जाएंगे

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड ने जूनियर ऑफिसर के 14 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई 2024 है। आवेदन करने के बाद सभी दस्तावेजों की स्वसत्यापित फोटो प्रतियां तय पते पर भेजनी होंगी।

**जूनियर ऑफिसर, कुल पद : 14**

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

**प्रोडक्शन, पद : 01**
**योग्यता :** मेकेनिकल/ केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा हो। साथ ही संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव हो।
**विभाग :** ग्रीस एंड लुब्रिकेंट्स विभाग
**स्थान :** चेन्नई

**क्वालिटी एश्योरेंस, पद : 02**
**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से केमेस्ट्री के साथ स्नातक डिग्री हो। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव हो।
**विभाग :** ग्रीस एंड लुब्रिकेंट्स विभाग
**स्थान :** कोलकाता और चेन्नई

**प्रोडक्शन, पद : 06**
**योग्यता :** मेकेनिकल/ केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा हो। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव हो।
**विभाग :** इंडस्ट्रियल पैकेजिंग
**स्थान :** सिलवासा, बड़ौदा, तलोजा, असौटी

**सप्लाई चेन मैनेजमेंट, पद : 03**
**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कॉमर्स की डिग्री हो एवं संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव हासिल हो।
**विभाग :** इंडस्ट्रियल पैकेजिंग
**स्थान :** मुंबई, बड़ौदा, सिलवासा

**इलेक्ट्रिकल, पद : 01**
**योग्यता :** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री/ डिप्लोमा हो।। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव हो।
**विभाग :** इंडस्ट्रियल पैकेजिंग
**स्थान :** असौटी

**ऑपरेशंस, पद : 01**
**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से स्नातक हो। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का कार्यानुभव प्राप्त हो।
**विभाग :** लॉजिस्टिक्स सर्विसेस
**स्थान :** हैदराबाद
**वेतनमान (उपरोक्त पदों के लिए) :** 21,750 रुपये से 65,000 रुपये।
**आयु सीमा (उपरोक्त पदों के लिए) :** अधिकतम 25 वर्ष से कम होनी चाहिए।

## आयु सीमा में छूट
- अधिकतम आयु सीमा में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष एवं दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।
- आयु सीमा की गणना 05 जुलाई 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया
- लिखित परीक्षा के आधार पर चयन होगा।

## आवेदन शुल्क
- 300 रुपये का शुल्क भुगतान करना होगा। एससी/एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया
- आधिकारिक वेबसाइट **http://blrecruit.in** पर जाएं। होम पेज पर दायीं ओर गाइड टू ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें। खुलने वाले पेज पर क्लिक ऑन **www.balmerlawrie.com/pages/currentopening** पर क्लिक करें।
- नये पेज पर स्क्रॉल करते हुए नीचे आएं और **Junior Officer [Operations] - Refer the attached Web Advertisement for Application Portal Link** के आगे व्यू फाइल पर क्लिक करें।
- विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड हो जाएगा। इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- आवेदन करने के लिए होम पेज पर वापस आएं और दायीं ओर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें। खुलने वाले पर दिए गए निर्देशों को पढ़ लें और ओके बटन पर क्लिक कर दें।
- नए पेज पर रजिस्ट्रेशन-फॉर्म खुल जाएगा। अब रजिस्ट्रेशन से संबंधित मांगी गई जानकारी, जैसे-नाम, पता, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर आदि दर्ज कर सब्मिट पर क्लिक कर दें। इसके साथ ही आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। रजिस्ट्रेशन के दौरान दिए गए मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर आपको यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- अब होम पेज पर वापस आएं और अप्लीकेंट लॉगइन पर क्लिक करें। यूजरनेम और पासवर्ड दर्जकर लॉगइन करें। इससे आवेदन-पत्र खुल जाएगा। अब आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारी आदि दर्ज करें। इसके बाद आवेदन-पत्र में मांगे गए दस्तावेज, पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड कर दें।
- निर्देशानुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करें और अंत में आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें। आवेदन-पत्र को सब्मिट करने से पहले उसका एक प्रिंट निकालकर अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

**इस पते पर दस्तावेज भेजें**

बामन लॉरी भर्ती
डी-139, ओखला औद्योगिक क्षेत्र
फेज-1, नई दिल्ली

## 1 असिस्टेंट प्रोफेसर के 1339 पदों पर भर्तियां

**संस्थान :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)
**पद संख्या :** 1339
**पदनाम :** असिस्टेंट प्रोफेसर
**आवेदन शुल्क :** वर्गानुसार 25 रुपये से लेकर 100 रुपये देय होगा। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 26 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.bpsc.bih.nic.in/

## 2 हेड कांस्टेबल सहित 1526 पदों पर नियुक्ति

**संस्थान :** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ)
**पद संख्या :** 1526
**पदनाम :** असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर एवं हेड कांस्टेबल
**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/एसटी वर्ग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 08 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://rectt.bsf.gov.in/

## 3 इंडियन कोस्ट गार्ड में 320 पदों पर अवसर

**संस्थान :** भारतीय तट रक्षक (इंडियन कोस्ट गार्ड)
**पद संख्या :** 320
**पदनाम :** नाविक एवं यांत्रिक
**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/ एसटी वर्ग के लिए शुल्क देय नहीं होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 03 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** joinindiancoastguard.cdac.in

## 4 जूनियर अकाउंट्स क्लर्क के 300 पद रिक्त

**संस्थान :** बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड
**पद संख्या :** 300
**पदनाम :** जूनियर अकाउंट्स क्लर्क
**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये। 1500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांगों और बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए 375 रुपये देय होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.bsphcl.co.in/

## 5 कॉरेस्पोंडेंस क्लर्क समेत 230 पदों पर मौके

**संस्थान :** बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड
**पद संख्या :** 230
**पदनाम :** कॉरेस्पोंडेंस क्लर्क
**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये। 1500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांगों और बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए 375 रुपये देय होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.bsphcl.co.in/

## 6 अनुवादक समेत 214 पदों पर रिक्तियां

**संस्थान :** भारतीय कपास निगम लिमिटेड
**पद संख्या :** 214
**पदनाम :** असिटेंट मैनेजर, अनुवादक, मैनेजमेंट ट्रेनी एवं अन्य पद
**आवेदन शुल्क :** 1000 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग एवं दिव्यांगों के लिए 500 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 02 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://cotcorp.org.in




## 7 स्नातक पास 164 पदों पर आवेदन करें

**संस्थान :** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (नोएडा) , उत्तर प्रदेश
**पद संख्या :** 164
**पदनाम :** मैनेजमेंट ट्रेनी
**आवेदन शुल्क :** 700 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/एसटी वर्ग एव दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं है।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 02 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.nationalfertilizers.com

## 8 बीएसएफ में 162 पदों पर फॉर्म भरें

**संस्थान :** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ)
**पद संख्या :** 162
**पदनाम :** सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल एवं अन्य पद
**आवेदन शुल्क :** पदानुसार 100 रुपये से 200 रुपये। भुगतान ऑनलाइन करना होगा। एससी/एसटी वर्ग एवं महिलाओं के लिए शुल्क देय नहीं है।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 01 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.bsf.gov.in/

## 9 मैनेजमेंट ट्रेनी के 158 पद भरे जाएंगे

**संस्थान :** राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
**पद संख्या :** 158
**पदनाम :** मैनेजमेंट ट्रेनी
**आवेदन शुल्क :** 1000 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए देय नहीं।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 01 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.rcfltd.com/

## 10 क्लर्क समेत 99 पदों पर नौकरी के मौके

**संस्थान :** बांकुरा जिला न्यायालय, पश्चिम बंगाल
**पद संख्या :** 99
**पदनाम :** अपर डिवीजन क्लर्क, प्रोसेस सर्वर एवं अन्य पद
**आवेदन शुल्क :** वर्गानुसार 150 रुपये से 500 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 10 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://bankura.dcourts.gov.in

## 11 अप्रेंटिस के 90 पदों पर करें आवेदन

**संस्थान :** मशीन टूल प्रोटोटाइप फैक्ट्री, अंबरनाथ
**पद संख्या :** 90
**पदनाम :** आईटीआई अप्रेंटिस
**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://avnl.co.in
**हेल्पलाइन नंबर :** 91 44 26360050

## 12 सी. रेजिडेंट के 71 पदों पर जल्द भेजें फॉर्म

**संस्थान :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)
**पद संख्या :** 71
**पदनाम :** सीनियर रेजिडेंट
**आवेदन शुल्क :** वर्गानुसार 500 रुपये से लेकर 1200 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 01 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** www.aiimsrishikesh.edu.in

## 13 जू. इंजीनियर समेत 64 पदों पर अवसर

**संस्थान :** दामोदर घाटी निगम, कोलकाता
**पद संख्या :** 64
**पदनाम :** जूनियर इंजीनियर एवं माइन सर्वेयर
**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/एसटी वर्ग एवं दिव्यांग जनों के लिए शुल्क देय नहीं।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 04 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.dvc.gov.in

## 14 जू. इलेक्ट्रिक इंजीनियर के 40 पदों पर मौके

**संस्थान :** बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड
**पद संख्या :** 40
**पदनाम :** जूनियर इलेक्ट्रिक इंजीनियर
**आवेदन शुल्क :** 300 रुपये। 1500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांगों और बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए 375 रुपये देय होगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.bsphcl.co.in/

## 15 मैनेजर समेत 10 पदों पर विज्ञापन जारी

**संस्थान :** इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
**पद संख्या :** 10
**पदनाम :** मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर एवं अन्य पद
**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं है।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 31 जुलाई 2024
**चयन :** मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर।
**वेबसाइट :** https://epi.gov.in

## 16 इंजीनियर के 10 पदों पर होगा साक्षात्कार

**संस्थान :** आईआईटी हैदराबाद
**पद संख्या :** 10
**पदनाम :** एआई/एमएल इंजीनियर
**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं है।
**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 31 जुलाई 2024
**वेबसाइट :** https://www.iith.ac.in/
**ईमेल :** cpm-ai-coe@iith.ac.in

**ध्यान दें** हिन्दुस्तान जॉब सर्च के तहत प्रकाशित सूचनाएं विभिन्न स्रोतों से जुटाई जाती हैं। किसी भी भर्ती के लिए आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले इसकी पड़ताल कर लें।